kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-60 | सोमवार, 31 मार्च 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।



**योगी आदित्यनाथ**

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस विराट महोत्सव बना : पीएम 11

अपने से दूर हुए भाइयों को स्वीकार करे हिन्दू समाज 12

## बधाई/सूचना

ईद-उल-फ़ित्र की सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं को मुबारकबाद, इस मौके पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 31 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 02 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा।

संपादक/चेयरमैन

## संक्षेप

### राहत सामग्री लेकर म्यांमार जा रहे हैं भारत के दो नौसैनिक पोत

**नयी दिल्ली।** म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत द्वारा म्यांमार को सहायता के लिए शुरू किये गये अभियान ब्रह्मा के तहत नौसेना की पूर्वी कमान से नौसैनिक पोत सतपुड़ा और सावित्री मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री के साथ यांगून जा रहे हैं। इस बीच भारतीय सेना की 10 राहतकर्मियों की पहली टुकड़ी स्थानीय समय के अनुसार शाम पौने छह मंदाले हवाई अड्डा पहुंच गयी और फील्ड अस्पताल स्थापित करने के लिए जगह की पहचान की जा रही है। वायु सेना के अनुसार अभी तक उसके मालवाहक विमानों में 96 टन राहत सामग्री औैर 198 सहायताकर्मियों को म्यांमार भेजा जा चुका है। नौसेना के दो नौसैनिक पोत के अलावा अंडमान और निकोबार कमान से नौसेना के जहाज करमुक और एलसीयू 52 भी सहायता के लिए यांगून रवाना हो रहे हैं। इन जहाजों पर लगभग 52 टन राहत सामग्री पहुंचाई गई है, जिसमें आवश्यक कपड़े, पीने का पानी, भोजन, दवाएं और आपातकालीन स्टोर वाले एचएडीआर पैलेट शामिल हैं।भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में सबसे पहले सहायता पहुंचाने के भारत के संकल्प के प्रति वचनबद्ध है।

### भारत के नक्शे के रूप में बने तालाब को संवारेगा पर्यटन विभाग

**लखनऊ।** सहारनपुर जिले के चकवाली गांव में एक ऐसा तालाब है, जो भारत के नक्शे के आकार में है। इस तालाब को अब पर्यटन विभाग संवारेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इसके लिए विशेष परियोजना तैयार की गई है। इस पर 2.43 करोड़ रुपये की लागत आएगी। जयवीर सिंह ने बताया कि अपनी आकृति के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत सरोवर खासा प्रसिद्ध है। देश भर से पर्यटक इसे देखने आते हैं। उनमें इसकी आकृति को लेकर कौतुहल है। पर्यटकों की आमद को देखते हुए इसके आसपास पर्यटक सुविधाएं विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है। तालाब के पास वॉच टावर, प्रवेश द्वार, फूड स्टॉल, हॉर्टिकल्चर, शौचालय, पाथ-वे, सोलर लाइट, साइनेज और सूचना डेस्क आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना को पूरा करने के लिए जितनी राशि का आकलन किया गया है, उसके सापेक्ष 1.2 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

# आरएसएस भारतीय संस्कृति का वट वृक्ष : मोदी

## स्वयंसेवक का जीवन निस्वार्थ,राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा, हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे

एजेंसी

नागपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी भी राष्ट्र के अस्तित्व के लिए उसकी राष्ट्रीय राष्ट्रीय चेतना और संस्कृति के विस्तार को महत्वपूर्ण बताते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी सोच और सिद्धांतों के साथ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक वट वृक्ष है तथा यह राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है।

श्री मोदी ने यहां कहा कि कठिन से कठिन दौर में भी भारत की चेता को जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे हैं। उन्होंने आरएसएस की स्थापना को भी सौ साल पहले शुरू हुआ इसी तरह का एक आंदोलन बताया। श्री मोदी नागपुर के माधव नेत्रालय के नए भवन (प्रीमियर सेंटर) के शिलान्यास पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने नागपुर के दौरे में आरएसएस के मुख्यालय का दौरा किया और वहां संगठन के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार और आरएसएस के पूर्व सर संघ चालक स्वर्गीय माधव सदाशिव गोलवरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी यहां दीक्षाभूमि भी गए और डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की । नागपुर के दौरे में श्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उनके साथ थे। प्रधानमंत्री ने माधव नेत्रालय के कार्यक्रम में कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। यह



अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को... हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। उन्होंने संघ के कार्यकर्ताओं को इस अक्षय वट की टहनियां बताया। श्री मोदी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व, पीढ़ी दर पीढ़ी, उसकी संस्कृति के विस्तार, उस राष्ट्र की चेतना के विस्तार पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा,हम अपने देश का इतिहास देखें, तो सैकड़ों वर्षों की गुलामी, इतने आक्रमण, भारत की सामाजिक संरचना को मिटाने की इतनी क्रूर कोशिशें, लेकिन भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इसलिए संभव हुआ क्यों कि भारत में समय समय पर चेतना को जागृत करने वाले आंदोलनों के संदर्भ में मध्य काल के भक्ति आंदोलन का उदाहरण दिया और कहा, मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से हमारी राष्ट्रीय चेतना को नयी ऊंचाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव, कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, हमारे यहाँ महाराष्ट्र में संत तुकाराम, संत एकनाथ, संत नामदेव, संत ज्ञानेश्वर, ऐसे कितने ही संतों ने हमारी इस राष्ट्रीय चेतना में अपने मौलिक विचारों से प्राण फूंके। इन आंदोलनों ने भेदभाव के फंदों को तोड़कर समाज को एकता के सूत्र में जोड़ा। श्री मोदी ने कहा कि विवेकानंद जैसे महान संतों ने निराशा में डूब रहे समाज को झकझोरा, उसे उसके स्वरूप की याद दिलाई, उसमें आत्मविश्वास का संचार किया।

उन्होंने कहा कि गुलामी के आखिरी दशकों में डॉक्टर साहेब और गुरू जी जैसे महान व्यक्तित्वों ने इसे नई ऊर्जा देने का काम किया। उन्होंने इसी संदर्भ में आरएसएस का उल्लेख करते हुए कहा,आज हम देखते हैं, राष्ट्रीय चेतना के संरक्षण और संवर्धन के लिए जो विचारबीज 100 साल पहले बोया गया, वह महान वटवृक्ष के रूप में आज दुनिया के सामने है। सिद्धान्त और आदर्श इस वटवृक्ष को ऊंचाई देते हैं, लाखों-करोड़ों स्वयंसेवक इसकी टहनी, ये कोई साधारण वटवृक्ष नहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को, हमारे राष्ट्र की चेतना को, निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। उन्होंने गुरू गोलवरकर का उद्धरण दिया कि जीवन की अवधि का नहीं, उसकी उपयोगिता का महत्व होता है। प्रधानमंत्री ने कहा,देव से देश और राम से राष्ट्र के जीवन मंत्र लेकर के चले हैं, अपना कर्तव्य निभाते चलते हैं। और इसलिए हम देखते हैं, बड़ा-छोटा कैसा भी काम हो, कोई भी कार्यक्षेत्र हो, सीमावर्ती गाँव हों, पहाड़ी क्षेत्र हों, वनक्षेत्र हो, संघ के स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से कार्य करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई स्वयं सेवक कहीं वनवासी कल्याण आश्रम के कामों को उसको अपना ध्येय बनाकर के जुटा हुआ है, कहीं कोई एकल विद्यालय के माध्यम से आदिवासी बच्चों को पढ़ा रहा है, कहीं कोई संस्कृति जागरण के मिशन में लगा हुआ है। कहीं कोई सेवा भारती से जुड़कर गरीबों-वंचितों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयाग में महाकुंभ में नेत्रकुंभ में स्वयंसेवकों ने लाखों लोगों की मदद की। कहीं कोई आपदा आ जाए, बाढ़ की तबाही हो या भूकंप की विभीषिका हो, स्वयंसेवक एक अनुशासित सिपाही की तरह तुरंत मौके पर पहुँचते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक कोई अपनी परेशानी नहीं देखता, अपनी पीड़ा नहीं देखता, बस सेवा भावना से हम काम में जुट जाते हैं। हमारे तो हृदय में बसा है, सेवा है यज्ञकुन्ड, समिधा सम हम जलें, ध्येय महासागर में सरित रूप हम मिलें। श्री मोदी ने कहा, राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि होती है, जब नीतियों में, निर्णयों में देश के लोगों का हित ही सबसे बड़ा होता है, तो सर्वत्र उसका प्रभाव भी और प्रकाश भी नजर आता है। उन्होंने कहा विकसित भारत के लिए सबसे जरूरी है कि हम उन बेड़ियों को तोड़ें, जिनमें देश उलझा हुआ था। आज हम देख रहे हैं, भारत कैसे गुलामी की मानसिकता को छोड़कर आगे बढ़ रहा है। गुलामी की निशानियों को जिस हीनभावना में 70 वर्षों से ढोया जा रहा था, उनकी जगह अब राष्ट्रीय गौरव ● शेष पेज 11 पर

### हमारे त्योहार देश की विविधता में एकता को दर्शाते हैं: प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे। मोदी ने कहा कि ईद सहित अन्य त्योहार भी मनाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को इन त्योहारों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं। प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से 'माईहॉलिडेज'' हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से ''हॉलिडेमेमोरीज'' हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर 'कैच द रेन' अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से पिछले सात से आठ साल में 11 अरब घन मीटर से अधिक पानी बचाया गया है। उन्होंने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह भारत की ओर से मानवता के लिए एक अमूल्य उपहार है। मोदी ने कहा कि 21 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब एक बड़ा उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष इस आयोजन का विषय 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है।

# यूपी के 65 पीसीएस अधिकारियों को पुरानी पेंशन का लाभ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राज्य सरकार ने प्रदेश के 65 पीसीएस अधिकारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया है। ये वे अधिकारी हैं, जिनकी ज्वाइनिंग नई पेंशन योजना लागू होने के बाद हुई थी, लेकिन भर्ती के लिए विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले निकाला गया था।

देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त करते हुए एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन व्यवस्था लागू की गई थी। कुछ अधिकारी ऐसे भी थे जिनकी भर्ती का विज्ञापन तो इसके पहले निकल चुका था, लेकिन उनकी ज्वाइनिंग इसके बाद हुई। केंद्र सरकार ने इसके आधार पर आदेश जारी करते हुए राज्यों को भेजा था कि वे अपने यहां भी इसे लागू कर सकते हैं। इसके आधार पर उत्तर प्रदेश में इसे लागू करने का फैसला किया गया। इसके लिए कटऑफ डेट 28 मार्च 2005 से पहले की रखी गई। नियुक्ति विभाग ने कुल 65 पीसीएस अधिकारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। अर्चना ओझा, अंजूलता, देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार सरोज, वंदिता श्रीवास्तव, दयानंद प्रसाद, शैलेंद्र चौधरी, देवेंद्र प्रताप, रेशमा सहाय, अनुराग सिंह, प्रियंका चौधरी को पुरानी पेंशन का लाभ दिया गया है। अमित कुमार, राजेश कुमार सिंह, विनीत मिश्रा, आलोक कुमार वर्मा, नवीन प्रसाद, हिमांशु गौतम, बलराम सिंह, संतोष कुमार ओझा, अरविंद कुमार तृतीय, चंद्रकांता, रामकुमार, अमिताभ यादव आदि को दिया गया है।

❒ नई पेंशन योजना लागू होने से पहले निकले विज्ञापन के अधार पर मिला लाभ




### हिमाचल के मणिकर्ण में भूस्खलन, छह की मौत

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मणिकर्ण में एक भीषण भूस्खलन हुआ, जिसमें 6 लोगों (3 महिला और 3 पुरुष) की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए हैं। हादसा करीब 5 बजे हुआ, जब गुरुद्वारे के सामने कई लोग सड़क किनारे बैठे हुए थे। भूस्खलन के दौरान पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिरा, इसी के साथ एक पेड़ भी नीचे आ गिरा। इसकी चपेट में कई लोग आ गए।

जानकारी के मुताबिक सड़क किनारे खड़े रेहड़ी संचालक, एक सूमो सवार और तीन पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे में जान गंवाने वालों की शिनाख्त की जा रही है। कूल्लू के एडीएम अश्विनी कुमार ने बताया कि मणिकर्ण गुरुद्वारा पार्किंग के पास पेड़ उखड़ने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है।, प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। मणिकर्ण एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है। जो रेस्क्यू ऑपरेशन में कॉर्डिनेट कर रही है। क्षेत्रीय राजस्व एजेंसी भी मौके पर हैं, जो स्थिति का आकलन कर रही हैं। ● शेष पेज 11 पर

# 68 लाख के 13 इनामी सहित 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

बीजापुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा में पिछले दिनों हुई दो बड़ी मुठभेड़ के बाद रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें कुछ महिला नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले 50 में से 13 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम है। इन्होंने आज बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक, डीआईजी, सीआरपीएफ और अन्य पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, केरिपु 85, 153, 168, 170, 196, 199, 222, 229 एवं कोबरा201, 202, 204, 205, 208, 210 का विशेष योगदान रहा है।

इस संबंध में बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने से नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है।आत्मसमर्पित नक्सलियों में पीएलजीए बटालियन नम्बर एक का 01 सदस्य, पीएलजीए कंपनी नम्बर दो के चार सदस्य, कंपनी नम्बर सात का एक सदस्य , कुतुल एरिया कमेटी, नेशनल पार्क एरिया कमेटी से एसीएम स्तर के 03 सदस्य, जनताना सरकार अध्यक्ष, केएएमएस अध्यक्ष, मिलिशिया कमाण्डर, मिलिशिया डिप्टी कमांडर, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, मिलिशिया सदस्य एवं सावनार, कोरचोली, कमलापुर आरपीसी के अन्य सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी नक्सलियों को ● शेष पेज 11 पर



बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूँ। मोदी जी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएँगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। बाकी लोगों से भी मैं पुनः अपील करता हूँ कि वे हथियार त्याग कर मुख्यधारा में आएँ। 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद केवल इतिहास बनकर रह जाएगा, यह हमारा संकल्प है।

**अमित शाह**

# योगी सरकार की सख्ती से यूपी में घटे 85 फीसदी तक अपराध

## उत्तर प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। 2017 से राज्य में डकैती, लूट, दंगा, हत्या, अपहरण और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में 85 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है। साथ ही माफिया और गुंडागर्दी पर शिकंजा कसा है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार योगी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न अपराधिक घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। डकैती की घटनाओं में 2016 की तुलना में 84.41 फीसदी कमी आई है। इसके अलावा लूट के मामले 77.43 फीसदी कम हुए हैं। इसी के साथ-साथ अपहरण, दहेज हत्या एवं बलात्कार की घटनाओं में भी कमी देखी गई है। इसके अलावा पुलिस की सक्रियता और सीसीटीवी सर्विलांस जैसी आधुनिक तकनीकों ने अपराधियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योगी सरकार ने प्रदेश के माफियाओं, गैंगस्टरों और भू-माफिया पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इसके तहत 142 अरब रुपये से अधिक की चल-अचल अवैध सम्पत्तियां जब्त की गई हैं। वहीं, 68 माफिया और उनके करीब डेढ़ हजार सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि 617 अपराधियों की गिरफ्तारी की ● शेष पेज 11 पर

## राजग सरकार आई तो शुरू होंगी बंद चीनी मिलें : गृहमंत्री

# लालू ने बिहार को किया बदनाम : शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद पर उनकी पार्टी की सरकार में प्रदेश की विधि-व्यवस्था और सहकारिता को चौपट कर राज्य को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए आज वादा किया कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की फिर से सरकार बनी तो सूबे की बंद पड़ीं सभी चीनी मिलों को शुरू करा दिया जाएगा।

श्री शाह ने रविवार को यहां बापू सभागार में सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में चार विभागों की 823 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही मिथिला की महत्वाकांक्षी परियोजना मखाना प्रसंस्करण केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया तथा 100 सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम भी बांटें। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि राजद के शासनकाल में अपहरण, हत्या, लूट और नरसंहार होते थे। उन्होंने राजद अध्यक्ष श्री यादव पर हमला बोला और कहा कि उनके 15 साल के शासन में बिहार की पूरी सहकारिता चौपट हो गई। सैंकड़ों चीनी मिल बंद हो गयीं। श्री शाह ने श्री यादव पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने चारा घोटाला करके बिहार को पूरे विश्व में बदनाम कर दिया। लेकिन, जब बिहार में श्री नीतीश कुमार की सरकार बनी तो गांव-गांव तक सड़कें पहुंची, बिजली पहुंची और हर घर तक नल का जल पहुंचा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चीनी के उत्पादन में बिहार का हिस्सा 30 प्रतिशत से भी अधिक था, राजद शासन की कुव्यवस्था के कारण घटकर छह प्रतिशत के नीचे चली गई है। बिहार में अन्न का उत्पादन काफी घट गया। उन्होंने कहा, ल्लमैं बिहार की जनता को कहने आया हूं कि वर्ष 2025 के चुनाव में फिर से राजग की सरकार बनाइए हम सारी चीनी मिलों को चालू कर देंगे। श्री शाह ने कहा कि बिहार के गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री लालू यादव संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार में मंत्री थे तो बिहार को दस वर्ष में मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये मिले जबकि केंद्र की मौजूदा मोदी सरकार ने दस साल में बिहार को नौ लाख 23 हजार करोड़ रुपए दिए। साथ ही चार लाख करोड़ रुपये के सड़क-पुल की परियोजनाएं, एक लाख करोड़ रुपये की रेल परियोजना और दो लाख करोड़ रुपये की हवाई परियोजनाएं मिली हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दस साल के भीतर जनता की सुविधा के हर क्षेत्र में काम किया। उन्होंने कहा कि 81 करोड़ परिवारों को पांच किलो प्रति व्यक्ति मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। चार करोड़ लोगों को घर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि यदि गरीबों के लिए किसी ने काम किया तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। श्री शाह ने कहा, बीते 10 साल में मोदी सरकार ने देश के 60 करोड़ गरीब के लिए काम किया। मैं लालू जी से पूछता हूं कि आपने गरीबों के लिए कुछ किया हो तो खाका लेकर आइए। लालू यादव ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मोदी जी ने गरीबों की मदद के लिए सहकारिता क्षेत्र में काम किया। सहकारिता क्षेत्र का सबसे ज्यादा फायदा बिहार को होने वाला हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिए। करोड़ों लोगों को घर दिया गया। पांच किलो मुफ्त अनाज के साथ पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा दी। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिला, मत्स्य पालन के कार्यों को गति ● शेष पेज 11 पर



# बच्चे विद्यालय की बगिया के हैं फूल: डायट प्राचार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 के आखिरी दिवस पर परिषदीय विद्यालयों में अलग का उत्सव देखने को मिला। परिषदीय विद्यालयों में जहां बच्चे कक्षाओं के पदोन्नति किए गए तो वहीं पांचवीं और आठवीं के बच्चों की विदाई की गई। शनिवार को परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावकों के साथ में बैठक करते हुए अधिकारियों ने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय कोडरस बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य जेपी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालय वह स्थान हैं जहाँ पर हर बच्चे के उत्थान की बात की जाती है। गुरुजन वह माली होता है जो अपने बच्चे को फूल की तरह तैयार करता है। मेहनत से पढ़ाई करने वाले बच्चे आगे बढ़ जाते हैं और न पढ़ने वाले बच्चे बाद में पछताते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा के साथ अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर बीईओ ऋचा सिंह, आरएसएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक प्रतिमा सिंह, रश्मि साहू, रचना सिंह, पूनम रानी, प्रतिमा पांडेय, रामेश्वर, गोवर्धन, कमल, शिल्पी वर्मा, रणविजय सिंह गंगापारी आदि लोग मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावां में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य जेपी सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि बीईओ रिचा सिंह, आरएसएम अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रहे। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुष्पा एवं प्रधानाध्यापिका ब्रज कुमारी सिंह व सहायक अध्यापक सूर्य प्रकाश, अल्पना त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार व रणविजय सिंह चौहान, डीपीए के महामंत्री अशोक कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशि प्रकाश श्रीवास्तव, मंत्री अमर सिंह एवं नोडल संकुल शिक्षक जगदीश प्रसाद, एआरपी एसएस श्रीवास्तव व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। इस मौके पर बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, दौड़ व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अभिभावकों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें अभिभावक माता सुनीता देवी ने जीत हासिल की। इस मौके पर स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार कक्षा-8 के अजीत कुमार और प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिव्यांश मौर्य को प्राप्त हुआ। अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में आयोजित वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ननकऊ और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शीतल यादव रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की। इस मौके पर संकुल नोडल नीरज कुमार, ऊषा, रितु सिंह, प्रेरणा, राम गोपाल आदि लोग मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय कोडरा अहिरन में धूमधाम से वार्षिकोत्सव और कक्षा 5 का विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पिंडारी खुर्द कुंवर प्रवीण सिंह उर्फ केतन सिंह रहे। उन्होंने ग्रामवासियों से बच्चों के नामांकन और उनके विद्यालय में ठहराव को लेकर अपील की और विद्यालय की प्रगति से सभी को रूबरू कराया। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद यादव, रजनी शुक्ला, गीता सिंह, धर्मेंद राम, मनोज पुष्कर, वेद पटेल, राजेंद कुमार और समाजसेवी संतोष सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्राथमिक विद्यालय सारीपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सहदेव ने की। बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक नीलम सिंह, हनी गुलाटी, राम नरेश, सुरेंद्र, हरि प्रसाद, गीता, माधुरी, अशोक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शशिकला श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कठिन परिश्रम से हासिल होती है सफलता : ओम प्रकाश केसरी

## रजनीश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। नगर पंचायत कोरांव में स्थित रजनीश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम का वितरण एवं वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि लगातार परिश्रम से किसी भी सफलता को अर्जित किया जा सकता है। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए समाजवादी पार्टी के नेता प्रमोद मिश्र प्रयासी ने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों से बात करें और बच्चों को किसी भी दशा में अकेले ना छोड़े, उनसे किसी भी समस्या के संबंध में बातचीत जरूर करें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बी पी सिंह ने विद्यालय की उपलब्धि को बताते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा साथ ही साथ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के तीन छात्रों का चयन हुआ है। और एक बच्चे का सिलेक्शन विद्याज्ञान स्कूल में हुआ। विद्यालय के प्रबंधक डॉ मनोज कुमार कुशवाहा ने अभिभावकों से अपील की इसी तरीके से विश्वास बनाए रखें और आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सांसद को ग्रामीणों ने मुर्दाबाद नारा लगाकर वापस भेजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चौरी चौरा। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के शिवपुर चकदहा में हुए दोहरा हत्याकांड में रविवार को चार बजे समाजवादी पार्टी के सुल्तानपुर के सांसद राम भुआल निषाद अपने सहयोगियों के साथ परिजनों से मुलाकात करने और परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे थे जहां पर नाराज ग्रामीणों ने राम भुआल निषाद मुर्दाबाद लगाते हुए उनको वापस भेज दिया और कहा कि यहां पहले कभी नहीं आते हैं हत्या हुई है तो राजनीतिक रोटी सेकने आए हैं। उक्त बातें बताते हुए चौरीचौरा के विधायक सरवन निषाद का आरोप है कि हत्यारोपी समाजवादी पार्टी का बूथ एजेंट है और वह लोकसभा विधानसभा चुनाव में एजेंट बनकर समाजवादी पार्टी को मतदान करवा रहा था उन्होंने कहा कि सपा का चाल चरित्र चेहरा यही होता है। अपराधियों की पार्टी ही समाजवादी पार्टी है।

# लापरवाही के आरोप में सीएचसी अधीक्षक को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला ने लापरवाही के आरोप में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बृजमनगंज के अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार गुप्ता को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की है। डॉ. गुप्ता पर आरोप है कि वह न तो समय से अस्पताल पर उपस्थित रहते हैं और न ही उनका अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण है। यह भी आरोप है कि इनके द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना भी की जाती है।

सीएमओ ने बताया कि वह स्वयं 30 मार्च को अस्पतालों के निरीक्षण के लिए निकले। वह करीब डेढ़ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बृजमनगंज पहुंचे। जहां पर इमर्जेंसी सेवाएं बंद पाई गई। निरीक्षण के समय चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टॉफ नर्स तथा चतुर्थ श्रेणी कोई कर्मचारी भी उपस्थित नहीं पाया गया। प्रसव कक्ष एक दाई के भरोसे छोड़ दिया गया था ।

स्टॉफ नर्स श्रीमती प्रमिना को उनके आवास से बुलाने पर उपस्थित हुई। फार्मासिस्ट राजेश द्विवेदी से मोबाइल के जरिए संपर्क कर बुलाया गया। इसके बाद करीब 1.55 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फुलमनहा पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया तो वहां एक भी चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। जबकि बीते 29 मार्च को डीएम की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्देशित किया गया था कि समस्त अधीक्षक और चिकित्सक अपने अपने चिकित्सा इकाईयों पर उपस्थित रहते हुए समस्त राजकीय कार्यों को सम्पादित करेंगे। सीएमओ ने बताया कि उपरोक्त तथ्यों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ( बृजमनगंज सीएचसी अधीक्षक) स्वयं गैरहाजिर रहते हैं और उनका अपने अधीन तैनात कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं है, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है। इनके द्वारा अपने राजकीय कार्यों के सम्पादन में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है, साथ ही उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना भी की जाती है।

## दो बाईकों की टक्कर में बैंक कर्मी समेत दोनों चालक हुए घायल

**कोरांव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव थाना क्षेत्र के गिरगोंठा गांव में बड़ी नहर के पुल पर रविवार को सुबह नौ बजे के करीब विपरीत मार्ग से आ रहे बाइक सवार युवक ने बैंक कर्मी के बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जहां दोनों बाइक चालक बुरी तरह से जख्मी हो गए। मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव भेज दिए। जहां रास्ते में ही परिजन स्थिति गंभीर देख प्रयागराज के एक निजी अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के मुताबिक किशन सिंह बघेल निवासी सतना रामपुर बघेल मध्य प्रदेश जो कोरांव के एचडीएफसी बैंक में कर्मचारी हैं। सुबह अपने ननिहाल जिगना मिर्ज़ापुर जा रहे थे कि वे गिरगोठा बड़ी नहर पुलिया के पास दूसरे रास्ते से आ रहे अमित कुमार पुत्र वंश बहादुर यादव निवासी ग्राम बेलवनिया भंवरिया की तेज रफ्तार में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। किशन सिंह की स्थिति गंभीर देख परिजन प्रयागराज के एक निजी अस्पताल लेकर चले गए। जहां हालात नाजुक बताई जा रही है।

## जिला प्रशासन द्वारा एम्स रायबरेली के मुख्य द्वार के बाहर के सड़क की सफाई

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एम्स रायबरेली के मुख्य द्वार के बाहर का क्षेत्र पिछले कुछ सालों से अतिक्रमण के अधीन था। जिला प्रशासन के सहयोग से फरवरी माह में इससे मुक्ति पाई गई थी। अब जिलाधिकारी महोदया हर्षिता माथुर के निर्देश पर उक्त स्थान की साफ सफाई पूरी कर ली गई है। पंचायत अधिकारी सौम्यशील सिंह के नेतृत्व में 50 सफाई कर्मचारियों के सहयोग से यह कार्य दिनांक 30 मार्च को संपन्न कर लिया गया है। एम्स के जन संपर्क अधिकारी डॉ नीरज कु. श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त स्थान का सौंदर्यीकरण के लिए कार्य किया जाएगा ताकि वहां पुनः गंदगी फैलाई न जा सके। अस्पताल परिसर एवं इसके आसपास स्वच्छता का होना मरीजों के लिए एक अनिवार्य एवं पूरक आवश्यकता है। एम्स जिला प्रशासन से भविष्य में भी सहयोग का आकांक्षी है और इस सहयोग के लिए आभारी है।

## मोबाइल छीनने का आरोप

**लालगंज, रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ई-रिक्सा में बैठकर जा रहे युवक से मोबाईल छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने मामले में नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज गांव निवासी मो0 सैफ पुत्र इम्तियाज अहमद ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि आज वह ई-रिक्सा में बैठकर लालगंज की ओर जा रहा था तभी पूरे खारा गांव के पास चांदा बन्नामऊ गांव के रहने वाले एक युवक ने जबरन उससे मोबाईल छीन लिया। पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## बाईक चोरी

**लालगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सड़क किनारे बाईक खड़ी कर ट्यूबवेल में नहाने गये युवक की बाईक चोरो ने पार कर दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के अम्बरपुर मजरे युसुफपुर गांव निवासी सुंदरलाल पुत्र चौबे ने बताया कि वह बाईक से खेतो की ओर गया था। जहां पर उसने साईं ढाबा के निकट सड़क किनारे बाईक को खड़ी कर ट्यूबवेल में स्नान करने चला गया था। लगभग 15 मिनट बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाईक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाईक का पता नही चला। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## सामूहिक दुराचार के मुख्य आरोपी समेत एक साथी को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रेलकोच फैक्ट्री के पास नाबालिक दलित बालिका के साथ हुए सामूहिक दुराचार के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि हरंचदपुर थाना क्षेत्र के रहनी वाली युवती ने चार लोगो के खिलाफ बीती 8 मार्च को सामूहिक दुराचार व धमकी दिये जाने का मामला दर्ज कराया था। मामले में मुख्य आरोपी सतीस यादव पुत्र बाबादीन निवासी रूपखेड़ा व सत्येंद्र जायसवाल निवासी जिला महराजगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को भेजा जेल

**लालगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे के ब्रजेंद्र नगर में दो भाईयों के बीच हुए खूनी संघर्श के मामले में पुलिस ने तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद से फरार चल रहे एक पक्ष के अमित पुत्र जितेंद्र तथा दूसरे पक्ष के संजय व अजय पुत्रगण माताबख्स राठौर को पकड़कर जेल भेजा गया है।

# देशसेवा के प्रति समर्पित रहते हैं प्रधानमंत्री : शशांक मणि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवरिया। रविवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डा के लक्ष्मण, सदर सांसद शशांक मणि तथा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के साथ मोदी के मन की बात का 120 वा संस्करण सुना । कार्यक्रम के पूर्व पार्टी कार्यालय पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भोपिमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया । मन की बात कार्यक्रम के बाद सभा को संबोधित करते हुए डा के लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात हमे अपने कर्तव्यों का बोध कराती है तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना से सेवा करने के लिए प्रेरित करती है । उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम 22 भारतीय भाषाओं 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है । इस दौरान उन्होंने चैत्र नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं भी दी । सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संपूर्ण देश में होने वाले विकास संबंधी कार्यों, विविध परंपराओं, विशिष्ट व्यक्तियों और भारत की विविधताओं का दर्शन प्राप्त हो जाता है । यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो 140 करोड़ देशवासियों को एकसूत्र में पिरोता है । जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हर महीने के अंत में मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सभी कार्यकर्ताओं और देशवासियों को इंतजार रहता है मन की बात कार्यक्रम से हमे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है । कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने किया तथा संचालन विजय पटेल ने किया । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मदेशिया, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, विपिन यादव, रमेश मौर्य, राकेश यादव, जितेंद्र सिंह, नीरज विश्वकर्मा, अखंड यादव, संजय प्रजापति, शैलेश मदेशिया, धर्मेंद्र चौहान, राजन यादव, त्रिभुवन प्रजापति, सत्यप्रकाश सिंह, राधेश्याम पटेल कन्हैया चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रविदत्त मिश्र अध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र बने एडीओ पंचायत संघ के महामंत्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। रविवार को सायं 4 बजे के आसपास प्रयागराज के चंद्रशेखर आजाद पार्क में एडीओ पंचायत संघ प्रयागराज इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें फूलपुर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवि दत्त मिश्र को अध्यक्ष, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव विवेक कुमार मिश्र को संघ का महामंत्री चुना गया। इसी क्रम में राजेश सिंह उपाध्यक्ष, प्रेमचंद सिंह कोषाध्यक्ष, अखिलेश कुमार यादव संगठन मंत्री, अनिल कुमार पाल प्रांतीय प्रतिनिधि, राम राम शिरोमणि तिवारी को प्रवक्ता तथा विनोद कुमार द्विवेदी को ऑडिटर पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों के पर सहमति जाहिर की गई। तत्पश्चात नव नियुक्त अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण का स्वागत किया गया। बैठक में प्रयागराज जनपद के सभी विकास खंडों में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी पंचायत शामिल रहे। सबने नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत किया।

# महिला का घर के अंदर मिला शव मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। महिला का घर में मिला शव, अकेले रहते थी, सिर और गले पर मिले चोट के निशान, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। किशुनीखेड़ा गांव में रविवार दोपहर को 45 वर्षीय सुनीता का शव उनके घर में मिला। मृतका के सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, सुनीता पिछले 10 साल से अकेली रह रही थीं। उनके एक बेटी काजल और बेटा साजन हैं। स्थानीय लोगों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस घरेलू विवाद समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मृतका के परिजनों का कहना है कि सुनीता की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के पास कोई महत्वपूर्ण जानकारी है तो वह सामने आए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस जल्द ही इस घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

# साहित्यिक संस्था साहित्य भारती कवि सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। मुझको अपने बैंक की किताब दीजिए ,देश की तबाही का हिसाब दीजिए,बेटियों के लिए भी कभी हाथ उठाओ मंजर ,सिर्फ अल्लाह से बेटा नहीं मांगा करते ।यह मुक्तक बीती रात शहर के कमला भवन में जिले की प्रमुख साहित्यिक संस्था साहित्य भारती के 29 वे विशाल कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में भोपाल से आए मशहूर कवि मंजर भोपाली ने उपस्थित जन समूह के बीच में पढ़ा ।

अलवर राजस्थान से आए कवि विनीत चौहान ने पढ़ा कि अगर पौरुष महकती शाम के आधीन हो जाए ,तो तुम्ही बोलो कि रण में बाजुओं को कौन तोलेगा ,अगर हम भी जुल्फ चुंबन की भाषा बोलने लग जाए तो फिर इस आग की भाषा को कौन बोलेगा । देश की मशहूर कवयित्री शबीना अदीब ने अपने काव्य पाठ में पढ़ा कि

अपनी डाली से बिछड़े अलग हो गए ,  
पेड़ के सारे पत्ते अलग हो गए,  
ईश्वर भी वही है खुदा भी वही  
जाने क्यों उसके बंदे अलग हो गए

मुंबई से आए युवा कवि चंदन राय ने पढ़ा कि आपको ठेस भी लगाते है और,आपके दर्द को भी समझते है हम आई ए एस डाक्टर अखिलेश मिश्रा ने पढ़ा कि बच्चे दादी से मोहब्बत की कहानी पूछे

कैसी थी बीते जमाने में ,जवानी पूछे, दिल्ली से आई युवा कवयित्री मनु वैशाली ने योगी राज भगवान श्री कृष्ण और मां यशोदा की वार्ता को लेकर पढ़ा कि

खावे ना पीवे ना सोवे ना आवे ,  
ना बैठे ना बताए वह बात वह पूरी

मध्य प्रदेश के खण्डवा से आए नेत्रहीन कवि सुर दास कवि ताज ने

पढ़ा कि मुझे तू राम के जैसा या फिर लक्ष्मण बना देना

मुझे अंधा बनाया इसका मुझको ग़म तो है लेकिन

मेरी संतान को भगवान मगर श्रवण बना देना

उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से जुड़े कवि धर्म राज उपाध्याय और उन्नाव के कवि अनुभव अग्यानी ने भी अपने काव्य पाठ से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इससे पूर्व कार्यकम का शुभा रम्भ जिला अधिकारी गौरांग राठी और उनकी माता जी सहित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू के द्वारा मां वीणा पाणी के चित्र पर और कवि स्मृति शेष अतुल मिश्र और स्मृति शेष चन्दन लाल त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया । मुख्य अथिति जिला अधिकारी का स्वागत सम्मान किया गया। भोपाल से आए कवि मंजर भोपाली को संस्था द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्रा की स्मृति में साहित्य अदब अलकरण से जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष हरि सहाय मिश्र मदन , डाक्टर रवींद्र शुक्ला ने सम्मानित किया अलवर राजस्थान से आए विनीत चौहान को कवि



अतुल मिश्र की स्मृति में साहित्य गौरव अलकरण अरविन्द कमल,राम तनेजा, अनुज पाण्डे, डाक्टर आर एस मिश्रा ने दिया देश की कवयित्री शबीना अदीब को स्मृति शेष सरदार अजीत पाल सिंह की स्मृति में साहित्य ताज अलकरण निम्मी अरोड़ा,आरती यादव, मंजुलता अवस्थी और पूनम मिश्रा ने दिया । कवि चंदन राय को पंडित राम प्यारे शुक्ला की स्मृति में साहित्य प्रेम अलकरण राम बोध शुक्ला , अधिवक्ता ओ पी तिवारी, प्रेम सिंह सेंगर ने दिया । आई ए एस कवि डाक्टर अखिलेश मिश्रा को स्मृति शेष एस आर पी शुक्ला की स्मृति में साहित्य सौरभ अलकरण संदीप शुक्ला , बी जे पी नेता रवि प्रताव सिंह, कमलेश मिश्रा ने दिया। कवयित्री मनु वैशाली को स्मृति शेष प्रेम प्रकाश तिवारी की स्मृति में साहित्य सुरभि अलकरण अमित गुप्ता अंशु,अचल तिवारी,विनय मिश्रा , गोविन्द नारायण शुक्ला ने दिया । कवि गोविद राठी को स्मृति शेष द्वारिका प्रसाद महेश्वरी की स्मृति में साहित्य सौष्ठव अलकरण संजय राठी, चन्द प्रकाश शुक्ला,उमा निवास बाजपाई ने दिया । सूरदास कवि ताज को स्मृति शेष मुन्ना लाल मिश्र की स्मृति में साहित्य श्री अलकरण ललित मिश्रा, जसजीत अरोड़ा,अमित गुप्ता , राहुल पांडे राहुल तिवारी ने दिया । कवि धर्मराज उपाध्याय को स्मृति शेष शिव मोहन दीक्षित की स्मृति में साहित्य वाचस्पति अलकरण से अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अनुज अवस्थी जितेन्द्र दीक्षित अविनाश सिंह ने दिया उन्नाव के कवि अनुभव अग्यानी को रमेश यादव की स्मृति में साहित्य धर्म अलकरण सतीश यादव , सर्वेश गुप्ता, संजय शुक्ला अशोक कुमार सिंह मुन्ना सभासद ने दिया। वही जिले शिक्षा छेत्र से आठ बार से शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल को स्मृति शेष ओम प्रकाश तिवारी की स्मृति में साहित्य कर्म अलकरण से संजय त्रिपाठी , करण त्रिपाठी, रुद्र चौहान ने दिया ।

खेल छेत्र से पी के मिश्रा को स्मृति शेष बृज किशोर शुक्ला की स्मृति में राजेश शुक्ला ,कुलदीप चौहान , अक्की चौहान ने दिया ।

# तहज़ीब के शहर लखनल में गुलाबी ख़ंजर का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अमेज़न बेस्टसेलर किताब ''गुलाबी ख़ंजर'' का तीसरा लोकार्पण समारोह रविवार को लखनऊ में कविशाला के कार्यक्रम आग़ाज़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दास्तानगोई की मशहूर हस्ती एवं लेखक हिमांशु वाजपेयी और वरिष्ठ पत्रकार नवलकंात सिन्हा शामिल हुए। मंच पर उपस्थित लोगों में 'गुलाबी ख़ंजर' के दो लेखक दिलीप पांडेय और चंचल शर्मा भी उपस्थित रहीं।

किताब 'गुलाबी ख़ंजर', जो ऐतिहासिक फिक्शन श्रेणी में आती है, पिछले कुछ महीनों से लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। अक्टूबर माह में भोपाल में इसकी घोषणा के साथ ही, यह किताब साहित्यिक और सांस्कृतिक विमर्श का हिस्सा बन गई थी। नवंबर महीने में साहित्य आजतक में इसका कवर लॉंच हुआ और दिसंबर में जैसे ही अमेजन पर किताब का प्री-ऑर्डर लिंक आया, किताब 18 घंटे के भीतर हिस्टोरिकल




फ़िक्शन कैटेगरी में पहले स्थान और ओवर ऑल बुक कैटेगरी में तीसरे नंबर पर आ गई और पिछले 4 महीने में इस किताब ने मीडिया, साहित्यिक समुदाय और पाठकों के बीच एक गहरी छाप छोड़ी है। लखनऊ में कविशाला-आग़ाज़ द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह में उपस्थित अतिथियों ने किताब के विषय और इसके लेखन पर अपने विचार प्रकट किए।सर्वप्रथम किताब के कवर और नाम पर प्रकाश डालते हुए लेखक दिलीप पांडेय ने अपने विचार साझा किए और किताब के नाम के चयन पर ऐतिहासिक संदर्भ में बात की। उसके बाद लेखिका चंचल शर्मा ने विस्तार से बात करते हुए बताया कि आख़िर पाठकों को ये किताब क्यों पढ़नी चाहिए। इसके साथ ही किताब के महिला किरदारों की भूमिका पर भी अपने विचार रखे। सह लेखिका चंचल शर्मा ने किताब में उपस्थित महिला किरदारों पर प्रकाश डाला और बताया कि इसमें उपस्थित महिलाओं में वो सभी खासियत हैं, जिसे जानना बेहद रोचक है। वरिष्ठ पत्रकार नवलकंात सिन्हा ने बताया कि किताब एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से न केवल एक

**समारोह में शामिल हुए लेखक और दास्तानगो डॉ हिमांशु वाजपेयी और वरिष्ठ पत्रकार नवलकंात सिन्हा**

शानदार लेखन का उदाहरण है, बल्कि यह कहानी के माध्यम से इतिहास को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास करती है। उन्होंने किताब की चित्रवत भाषा शैली की प्रशंसा भी की। लेखक और दास्तानगो हिमांशु वाजपेयी ने भी किताब की विशेषताओं की सराहना की और कहा कि गुलाबी ख़ंजर की खासियत ये भी है कि इसे तीन लेखकों ने अपनी भाषा, शैली और विचार को किस तरह एक दूसरे से मिलाया होगा, ये किताब को पढ़ने की जिज्ञासा को और बढ़ाता है। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमी और आप राज्य सभा सांसद संजय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि छोटे भाई दिलीप पांडेय राजनीति के साथ जिस तरह साहित्य के जीवन में अपनी अनुपम कृतियां लिख रहे हैं वो तारीफ के काबिल है।

# योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने चलाया उपलब्धियां का उत्सव अभियान कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/गोसाईगंज-राजधानी लखनऊ की गोसाईगंज में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश में योगी सरकार की 8वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव अभियान घर घर संपर्क करके वायलेट पेपर लोगों को दिए गए द्य।जिसमें अभियान सेक्टर बलिया खेड़ा सदरपुर करोरा के बूथ संख्या 19.20.21.22.28.29.23.24.25. 26.27.30.31. मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, मंडल महामंत्री दिनेश साहू, संगम लाल वर्मा सेक्टर अध्यक्ष राम शंकर साहू,संजय चौरसिया,बूथ अध्यक्ष बद्री रावत,बाबूलाल कनौजिया, शिवम गोस्वामी,विजय गोस्वामी के साथ जिला अध्यक्ष के आदेशा अनुसार बूथ पर रह कर घर घर संपर्क किया तथा उपलब्धियां का उत्सव अभियान कार्यक्रम चलाया।

# विद्यालय प्रबंधन समिति में लिया गया बच्चों को शिक्षित करने का संकल्प

**सभी वक्ताओं ने कहा बच्चों को घरेलू कामो से मुक्त रखने की बात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्राथमिक विद्यालय अस्ती मे पूर्व की भाति विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोमती प्रसाद ने की। विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक जगतपाल के अलावा अध्यापिकाएं, श्रीमती संगीता निगम, श्री मती नूर जहाँ ने बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति, उन्हें घरो के कामों से मुक्त रहने पर अधिक बल देने की जरुरत पर चर्चा की । बैठक को सम्बोधित करते हुए शिक्षामित्र संघ के



ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा ने बैठक मे उपस्थित अभिभावको से अनुरोध किया की सरकार द्वारा चलाए जा रहे 6 से 14 वय वर्ग के बच्चों को स्कूल चलो अभियान व समस्त बच्चों का नामांकन करवाकर मुख्य धारा से जोड़ने क पुनीत कार्य करने का सभी सदस्यों को संकल्प लेने लिए पुनः अनुरोध किया बैठक मे वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, मनीष कुमार व अन्य अभिभावको ने विश्वास दिलाया की घर घर जाकर इस मुहिम पर काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सबको समझ लेना चाहिए कि एक भी बच्चा छूटा तो संकल्प हमारा टूटा।

# वक़्फ बिल आया तो नायडू नीतीश चिराग और जयंत गिरा देंगे मोदी सरकार : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह ने प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता के जरिये भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि यूपी में शराब की दुकानों पर मिल रही एक बोतल पर एक बोतल मुफ़्त के विरोध में कल योगी सरकार के खिलाफ उत्तर प्रदेश के 70 जनपदो में आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ यूपी में मुसलमानों को नमाज पढ़ने से रोका जा रहा है। दूसरी तरफ सौगात-ए-मोदी बांटी जा रही है। ये बीजेपी का दोहरा चरित्र है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी करने पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ इसमें दो चीजें और



जोड़ दें। आस-पास शराब की दुकानों और ऐसे रेस्टोरेंट जहां पर मांस बिकता हो उसे भी बंद करवाया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में हाई-वे पर 500 मीटर के अंदर आपको मंदिर से लेकर केएफसी, मैक्डोनाल्ड और तमाम दुकानें देखने को मिलेंगी। शराब की दुकानें, केएफसी या मैक्डोनाल्ड क्यों खुले रहने चाहिए? प्रदेश सरकार उसे भी बंद करवाए। सांसद संजय सिंह ने आगे कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, फारसी सभी जातियों से मिलकर 144 करोड़ लोगों से भारत बनता है। किसी एक अंग को कमजोर कर हम भारत को ताकतवर नहीं बना सकते हैं। एक तरफ दुनिया अंतरिक्ष में पहुंच रही है। वहीं, बीजेपी कब्र खोद रही है। आजाद भारत में जो भी संपत्ति है वह जनता की है। जीटी रोड, ताजमहल, लालकिला मुस्लिम शासकों ने बनवाया था, उन्हें भी तोड़ दीजिए। मोदी सरकार के वक्फ बिल पर सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार अगर यह बिल लेकर आई तो सरकार गिर जाएगी। भाजपा के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी ने अल्टीमेटम दे दिया है कि अगर बिल लाया गया तो उनकी जमीन हिल जाएगी।

**संघ का मुखिया नहीं बना कोई दलित-पिछड़ा-आदिवासी**

संजय सिंह ने आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी को घेरते हुए सवाल किया कि 100 साल में आरएसएस का मुखिया कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी क्यों नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस को बताना चाहिए कि 52 साल तक आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा क्यों नहीं फहराया गया। आरएसएस ने अंग्रेजों का समर्थन किया था, इसका जवाब भी देना चाहिए। आरएसएस सीमित जाति और सीमित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। यही नहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अंग्रेज गवर्नर को पत्र क्यों लिखा था कि भारत छोड़ो आंदोलन कुचलना चाहिए। आजाद हिंद फौज का विरोध क्यों किया गया था।

# भाजपा सरकार ने कार्यकाल के आठ वर्ष की उपलब्धि जन-जन को बताई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।उत्तर प्रदेश मे योगी सरकार अपने आठ वर्ष पूर्ण कर चुकी है अपने कार्यकाल मे लिए गये अदभुद फैसलों से सरकार सभी को रास भी आ रही है क्योंकि इस भाजपा की सरकार मे सबका साथ और सबका विकास का दावा भी शामिल है अपने इसी साथ और कराये गये विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराने के लिए भाजपा उत्सव अभियान चला रही है जिसमे घर घर जा कर लोगों से सम्पर्क साधा जा रहा है इसी कड़ी मे शक्ति केंद्र (बी) कन्हैया माधोपुर द्वतीय मे सरकार द्वारा लोगो को सरकार की उपलब्धि बताई गई।जिसमे दुर्गा शंकर मिश्र,मनोज रावत शीतल रावत,गोविंद रावत और त्रिभुवन यादव शामिल थे मण्डल अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता (ओ बी सी मोर्चा मण्डल 2) की अगुवाई मे ये कार्यक्रम किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट का अपनी अवमानना पर चुप रहना आश्चर्यजनक : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 188वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मकानों के ध्वस्तीकरण पर रोक के बावजूद भाजपा शासित राज्यों में प्रशासन अवैध तरीके से लोगों के घरों को तोड़ रहा है। आश्चर्य की बात है कि सुप्रीम कोर्ट अपनी ही अवमानना पर स्वतः संज्ञान नहीं ले रहा। जिसका सीधा मतलब है कि न्यायपालिका का एक हिस्सा सरकार और कार्यपालिका के साथ मिलकर आरएसएस के एजेंडे पर काम कर रहा है। ये बातें कंाग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 188 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 14 सितम्बर 2024 को देश भर में सरकारों द्वारा बुल्डोज़र से मकान तोड़े जाने पर रोक लगाते हुए ऐसा करने वाली राज्य सरकारों के खिलाफ़ सख़्त टिप्पणी की थी, लेकिन बावजूद इसके भाजपा शासित राज्यों की सरकारें सुप्रीम कोर्ट की अवमानना करते हुए विरोधी वोटरों और वैचारिक विरोधियों के घरों को अवैध तरीके से तोड़ रही हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट अपने ही आदेश की अवमाननाओं पर स्वतः संज्ञान नहीं ले रहा है। इसी तरह, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 12 दिसंबर को पूजा स्थल अधिनियम से संबंधित किसी भी मामले में सुनवाई पर रोक लगाई थी, लेकिन कुछ दिनों की शांति के बाद फिर से निचली अदालतें इन मामलों में टिप्पणियां करने लगी हैं। इन मामलों में भी आश्चर्यजनक तरीके से सुप्रीम कोर्ट अपनी अवमानना पर संज्ञान नहीं ले रहा है। उसने केंद्र सरकार को 12 दिसंबर को ही पूजा स्थल अधिनियम पर एक महीने के अंदर अपना पक्ष रखने का नोटिस दिया था, लेकिन ढ़ाई महीने बीत जाने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर नोटिस का जवाब नहीं देने पर कोई कार्यवाई नहीं की। जिससे यह संदेश जा रहा है कि न्यायपालिका का एक हिस्सा सरकार के खिलाफ़ कोई सख़्त कार्यवाई करने के बजाए सिर्फ़ दिखावे के लिए टिप्पणी कर रहा है।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि जो काम ख़ुद सरकार नहीं कर पा रही है उसे न्यायपालिका के एक हिस्से से करवा रही है। सब कुछ पहले से तय पटकथा के अनुसार नागरिकों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के नाम पर न्यायपालिका भी मौखिक टिप्पणी करके चुप बैठ जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न की जा रही है कि विधायीका और कार्यपालिका की तरह नागरिकों का न्यायपालिका पर से भी ख़ुद भरोसा उठ जाए ताकि आरएसएस देश पर अपनी तानाशाही थोप सके। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों और नागरिक समाज को न्यायपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवाज़ उठानी होगी।

## इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया से हुआ चांद का अवलोकन



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष खालिद राशिद ने देखा ईद का चांद इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया से हुआ चांद का अवलोकन साथ ही साथ मौलाना खालिद रशीद ने जारी की ईद को लेकर एडवाइजरी उन्होंने बताया कि ईद की नमाज सड़क पर ना पढ़े समय से मस्जिद पहुंचे। वहीं दूसरी और चिनहट अंतर्गत अयोध्या हाईवे स्थित न्यू विजडम वे प्रोगेसिव इंटर कॉलेज की तरफ से सभी देशवासियों को ईद की बधाई दी साथ ही साथ भाईचारे के साथ ईद को बेहतर त्यौहार बनाने की अपील की। विजडम वे प्रोगेसिव इंटर कॉलेज के अध्यापक तिलक यादव ने बताया कि इस ईद पर हर इंसान को गरीबों और जरूरतमंदों की दिल से करें मदद।

## सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया।सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 70 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शक्तिपाल सिंह (28) के रूप में हुई है। वह गोंडा जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़र का रहने वाला है। मामला मई 2023 का है, जब कासगंज निवासी विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। विनोद कुमार की शिकायत के अनुसार आरोपियों ने उनके बेटे को सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 70 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे, तो उसे अलग-अलग नंबरों से फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस जांच में पता चला कि शक्तिपाल सिंह पहले भी ऐसे अपराधों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ सरोजनीनगर और हजरतगंज थाने में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि इस मामले में अमित सिंह भी उसका साथी था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# 113वें आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर में सुनीं गईं समस्याएँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निवारण व जनसुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सतत रूप से संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' कर्याक्रम के तहत 113वें जनसुनवाई शिविर का आयोजन रविवार को ग्राम पंचायत सराय शहजादी, मजरा कटी बगिया में किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों द्वारा हैंडपंप, साइकिल, पीएम आवास जैसी कुल 34 समस्याओं/आवश्यकताओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित अभिनव पहल 'गांव की शान' के तहत, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



हाईस्कूल में 91% अंक प्राप्त करने वाले अंशुल मौर्य, 85.16% अंक प्राप्त करने वाली नेहा रावत तथा 79.33% अंक प्राप्त करने वाली गार्गी गुप्ता को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 71.4% अंक प्राप्त करने वाली पूजा को भी साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनसुनवाई शिविर में गांव के समर्पित समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान साहित्यकार विद्याधर दीक्षित, ग्राम प्रधान अंकुर सिंह, प्रदीप सिंह, रामू रावत एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# नगराम : पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज अनैया में परीक्षा फल एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

**विधायक व ब्लाक प्रमुख जिला पंचायत सदस्य के हाथों परीक्षा फल व मेडल पहन गदगद हुए छात्र**

**छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां देख मुख्य अतिथि एवं अभिभावक हुए खुश, दी शुभकामनाएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। रविवार को पंचशील शान्ति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज अनैया नगराम में वर्ष पर्यन्त मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा फल का वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीकृष्ण लोधी, प्रोफ़ेसर विवेक मिश्रा, जिलापंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, ब्लाक प्रमुख




विनय वर्मा , प्रबुद्ध वर्ग जिला संयोजक एस.सी मिश्रा , डां हिमांशु मिश्रा रामलाल वर्मा , पूर्व मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई , मंडल अध्यक्ष ललित सिंह व मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने सरस्वती वंदना व सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया । तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथियों व अभिभावकों के स्वागत में एक से एक प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा फल वितरण मुख्य अतिथियों द्वारा अंक पत्र देकर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पतंजलि योग




समिति अध्यक्ष नागेश वर्मा, प्रधानाध्यापक अनिल वर्मा,अभय दीक्षित, अम्बुज त्रिपाठी, गौरव भारद्वाज, पंकज नयन, अभय अवस्थी प्रधान शुशील वर्मा, राजकुमार वर्मा, बीजक प्रकाश समेत सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं छात्राएं शामिल हुए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र , बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित कर स्वागत किया।

# कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता ने कलश यात्रा में प्रतिवर्ष की भांति कलश यात्रा की अगुवाई की तथा पूर्व निर्धारित मार्ग पर कलश यात्रा निकाली**

खैराबाद। खैराबाद 200 वर्ष से अधिक प्राचीन मोहल्ला भूलनपुर स्थित मां गौरी देवी मंदिर में हर नवरात्रि की भांति इस नवरात्रि में भी मंदिर समिति की ओर से सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कलश यात्रा पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी अभिषेक गुप्ता की अगुवाई में श्रद्धालुओं के द्वारा भक्ति गीतों के साथ निर्धारित मार्गो से पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से निकल गई कलश यात्रा भूलनपुर मंदिर से बीसीएम नया बाज़ार मार्ग होती हुई कटरा संगत पहुंची जहां पर कलश यात्रा का जोरदार स्वागत कटरा संगत के महंत दामोदरशरण दास तथा श्रद्धालुओं के द्वारा की गई तथा कलश यात्रा की आरती उतारी गई उसके उपरांत कलश यात्रा कटरा स्थित हनुमान मंदिर पर भी पहुंची जहां पर सभासद राकेश चंद्र गुप्त तथा उनकी पत्नी पूर्व सभासद लक्ष्मी गुप्ता माया गुप्ता आदि ने कलश यात्रा का स्वागत किया उसके उपरांत कलश यात्रा निर्धारित मार्गो से गुजरती हुई पह गौरी देवी मंदिर पहुंच गई जहां पर विधि विधान से पूजन के उपरांत प्रथम पाली की भागवत कथा कथा व्यास दिलीप शास्त्री के द्वारा श्रद्धालुओं को श्रवण कराई गई कथा व्यास ने कहा कि प्रभु कण-कण में समाये हुए हैं तथा प्रत्येक जीव में प्रभु आत्मा के रूप में विराजमान है अतः सभी जीवों से प्रेम करना ही प्रभु की सच्ची भक्ति है व्यास ने कहा कि जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि अगर हम प्रभु को मानते हैं तो हमें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है प्रभु हर क्षण जीव के कल्याण हेतु परमपिता के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा प्रबंधक अवधेश मिश्रा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन प्रात 10:00 बजे से 1:00 तक तथा रात में शाम 7:00 बजे से माता रानी की इच्छा तक श्रद्धालुओं को श्रवण कराई जाएगी 5 अप्रैल को मां गौरी देवी की महा आरती होगी तथा 6 अप्रैल को कन्या भोग तथा विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर रविंद्र मिश्रा संदीप मिश्रा कुलदीप मिश्रा सुमन तिवारी ध्रुव शुक्ल अशोक जायसवाल राकेश यादव अंशु यादव पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अभिषेक गुप्ता सभासद राकेश गुप्ता आलोक बाजपेई कमलेश चंद्रगुप्त सहित सैकड़ो श्रद्धालु कलश यात्रा में मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में अयोजित खैराबाद नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में अयोजित खैराबाद नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम मनाया गया जिसमे अमृत वचन, सुभाषित, एकल गीत, के बाद मुख्य वक्ता श्री मान आशीष जी जिला कार्यवाह सीतापुर का पत्थेय प्राप्त हुआ? उन्होंने संघ के पांच प्रण जिसको पांच परिवर्तन कहते है उस विषय को रखा। उन्होंने कहा कि समाज को आज एक होने का समय है और कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से हम लोगों को एकता और अखंडता के साथ नैतिक कर्त्तव्यों का बोध करा कर अपने देश और समाज को आगे बढ़ायेंगे साथ ही समाज में जो विकृति उत्पन्न है जैसे छुआ छूत को दूर करेगे और पर्यावरण को सुधारने का कार्य करेंगे साथ ही नैतिक कर्त्तव्यों के बारे में भी लोगों को सचेत करेंगे। इस वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर ऐसे ही अन्य बातें बताई गयी इस अवसर पर कार्यक्रम में माननीय नगर संघ चालक सविनय जी, मुख्य शिक्षक गौरीशंकर जी, प्रांत कार्यवाह प्रशांत जी, ओरीलाल जी, अमरीष जी,श्रवण जी,आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राजपूत करणी सेना ने किया नगर कोतवाली का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । राजपूत करणी सेना के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने नगर कोतवाली का घेराव करके जमकर विरोध प्रदर्शन कर कि या,सपा सांसद के कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप ल गाते हुए।सपा सांसद और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।राजपूत करणी सेना के मंडल अ ध्यक्ष आनंद सिंह उर्फ शिवा के नेतृत्व में राजपूत करणी सेना के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी को ज्ञापन सौंपा है।सपा सांसद और उनके समर्थ कों पर कार्यवाही न होने पर राजपूत करणी सेना के लोगों ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में एक बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है।राजपूत करणी सेना के मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह उर्फ शिवा ने बताया कि हमारे पूर्वज हमारे आराध्य पर लोग टिप्पणी कर रहे हैं और उनको गद्दार बताया जा रहा है।तमाम महापुरुषों को सपा के ऐसे कई नेता हैं जो गद्दार बताते हैं तो हम रामजीलाल सुमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के लिए आए थे।जिसके नाम में ही मिलावट हो वह कितना अच्छा व्यक्ति हो सक ता है आप लोगों को पता है जब हम लोग उनके घर पर आगरा पूछने के लिए गए थे।

कि किस इतिहास में यह लिखा हुआ है जो आप बोले हैं तो उनके कार्यकर्ताओं ने हम लोगों पर पथराव किया है।हम लोग प्रदेश के मुख्य मंत्री से कहना चाहते हैं कि उचित कार्रवाई हो और उनके खिलाफ मुकदमा लिखा जाए।क्योंकि सपा सांसद के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए पथराव से हमारे कई लोगों को चोट आई है।सपा वालों का काम है हिंदू को टारगेट करना सनातन को टारगेट करना अभी कुछ दिन पहले इन लोगों ने रामायण पर भी सवाल उठाया था।हमारे बाप को हमारे पूर्वज को कोई गाली देगा हमारे आराध्य पर कोई टिप्पणी करेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं महाराणा प्रताप, राणा सांगा पर और पृथ्वीराज चौहान पर अगर कोई साल उठाएगी तो उसका सिर कलम कर दिया जाएगा उसके लिए चाहे अपना सिर काटना पड़े कोई दिक्कत नहीं है।

# आठ साल में प्रदेश का हुआ चौतरफा विकास, उत्तर प्रदेश बना उत्तम प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कमलापुर । क्षेत्र के पतारा कलां गांव में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजबहादुर ने आठ साल बेमिसाल के तहत आयोजित कार्यक्रम में सरकार की आठ वर्षो की उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक गिनाया। उन्होंने कहा पिछली सरकारों में पात्र व्यक्तियों को आवास, शिक्षा, राशन, बिजली से मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाती थीं। लेकिन अब प्रदेश में ऐसा नहीं है। अब आखरी पायदान पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के साथ ही सब मुमकिन हो पाया है। इससे विपक्ष बौखलाया हुआ है और जनता को गुमराह करना चाहता है। सभा का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय ने किया कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला ने किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में जातिगत राजनीति का समय खत्म हो गया है अब सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास पर चल रही है इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष आशा शर्मा मंडल अध्यक्ष अशतोष मिश्र निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई अभय पाण्डेय प्रलीप मिश्र उमेश सिंह अरविन्द तिवारी मनोज दीक्षित रवि तिवारी चन्दकान्त मिश्र नागेंद्र सिंह ज्ञानेन्द्र धनगर अभिषेक मिश्र जय शंकर पाण्डेय जवाहरलाल शुक्ल अपर्णा मिश्रा मंडल मिडिया प्रभारी ऋषि मिश्र कमल सिंह अभय सिंह लालता बक्श सिंह राजेन्द्र पाण्डेय बिकास शर्मा लक्ष्मीकांत अवस्थी निर्मल देवेन्द्र मिश्र कमलेश यादव रामनरेश बाथम सदीप शुक्ल रवि सिंह सजय पाण्डेय प्रधान नफीस सुनील मिश्र बीरबल यादव रामनरेश भार्गव आदि भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे

# प्रधानमंत्री करते हैं देश के मन की बात : अचिन मेहरोत्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**भाजपा कार्यकर्ता भी रहे मौजूद**

सीतापुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 120वें एपिसोड में देशवासियों को कई अहम संदेश दिए। इस दौरान भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर मंडल 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर कार्यक्रम को सुना। आचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की चुनौतियों को लेकर देश के पर्यावरण पर भी ध्यान दिया है।

प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र को लेकर शुभकामनाएं भी दीं। पीएम मोदी बच्चों से गर्मी की छुट्टियों में नई चीजें सीखने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संदेश में गर्मी के दौरान जल संरक्षण को लेकर खास अपील की और कर्नाटक के गांव का उदाहरण भी दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही गांव गांव पानी बचाने की तैयारी शुरु हो जाती है। अनेक राज्यों में जल संरक्षण से जुड़े कामों ने तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय, अलग-अलग वॉलेंटियर्स और उनकी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। देश में हजारों आर्टिफीशियल तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज का निर्माण किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जल संरक्षण के मामले में कर्नाटक के गडग जिले के लोगों ने मिसाल कायम की है।कुछ साल पहले यहां दो गांव की झीलें पूरी तरह सूख गईं थी। एक समय ऐसा भी आया, जब वहां पशुओं के पीने तक के लिए पानी नहीं बचा। धीरे-धीरे झील घास-फूस और झाड़ियों से भर गई लेकिन गांव के कुछ लोगों ने झील को पुनर्जीवित करने का फैसला किया और काम में जुट गए। जहां चाह है वहां राह है। प्रधानमंत्री ने महुआ के फूल का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हर साल की तरह ही इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है। ये अभियान भी सरकार का नहीं बल्कि समाज का है, जनता जनार्दन का है। पीएम मोदी ने कहा कि बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं।

पीएम मोदी ने कहा है कि पिछले 7-8 साल में नए बने टैंक, तालाब और अन्य वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण किया गया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लोगों से अपील की, कि वो तेज गर्मी में अपने आस-पास मौजूद पक्षियों का भी ख्याल रखे और उन्हें पानी पिलाएं।इस मौके पर अनुराग, महेंद्र , आशु राठौर, रोहित, दिनेश कुमार, रितेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिल वसूली पर जोर दे रहे अधिशासी अभियंता योगेंद्र कुमार यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अधिशासी अभियंता बिजली द्वारा किया उपभोक्ताओं से ज्यादा से ज्यादा भुगतान करने का अनुरोध**

सीतापुर । शासन के निर्देश पर सीतापुर का विद्युत विभाग पूरी तरीके से सक्रिय दिखा एसी से लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम ऑफिस में राजस्व वासूली के लिए उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है और अपना बकाया भुगतान करने के लिए कहा है।बताते चले शासन के आदेशों की समीक्षा करने के लिए जब अधिशासी अधिकारी प्रथम के ऑफिस की तहकीकात की तो वहां दोनों अधिकारी बिल उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए लोगों पर जोर बना रहे थे और उसी के साथ साथ अपने कर्मचारियों को निर्देशित कर रहे थे।मार्च क्लोजिंग का समय चल रहा है और सरकार की मंशा है हर विभाग से ज्यादा से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति की जा सके।इसी क्रम में बिजली विभाग के अधिकारी बकाया बिल की वसूली के लिए दिन रात एक कर रहे हैं।अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग खण्ड प्रथम यादवेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मेरे द्वारा बहुत से सरकारी विभाग के अधिकारियों से अनुरोध कर बिल जमा करा लिया गया है जिन्होंने अभी तक बिल नहीं जमा किया है वह दो तीन दिन में बिल जमा कर देंगे शासन की मंशा के अनुसार पूरी तरीके से कार्य किया जा रहा है,लोग सरकार की मंशा पर खरा उतर रहे हैं।इसी क्रम में बिजली विभाग द्वारा जेई अतुल सिंह के पर्यवेक्षण में कनवा खेड़ा,गंगापुर, में अभियान चलाया गया जहां पर 24 कनेक्शन बिल न जमा होने से डिस्कनेक्ट कर दिए गए जिसके परिणाम स्वरूप 88 हजार की राजस्व वसूली की गई।

## अग्निकांड की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे अधिकारी

बहराइच । ब्लॉक चित्तौरा के थाना रामगांव अंतर्गत रामपुर गोड़वा में 01 आवासीय टिन शेड, 02 आवासीय फूस के छप्पर व पशु बांधने के स्थान पर लगे फूस के छप्पर में अज्ञात कारण से हुई अग्निकांड की घटना के संबंध में उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया है कि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। तत्परता से राहत व बचाव कार्य करते हुए आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है। इस दौरान 05 पशु आंशिक रूप से झुलस गए। पशुपालन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। घटना से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है।

# अधजला शव बरामद हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव फतेहपुर । चौरासी थाना क्षेत्र नरीगाढ़ा गांव में हत्या कर फेंका शव,तालाब के पास मिला युवक का अधजला शव,बेटे ने पहले फांसी लगाने की कही उन्नाव के फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक वारदात सामने आए है। नई गड़ा गांव में 35 वर्षी कमलेश राठौर के गला घोटकर हत्या कर दी गई हथियारों में शव को जलाने का भी प्रयास किया घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। कमलेश सोच के लिए घर से निकला था जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार चिंतित हो गया। रविवार सुबह 11:00 बजे ग्रामीणों को तालाब के पास से बदबू आई जब वह वहां पहुंचे तो कमलेश का हथजला शब मिला. मृतक के बेटे विनोद ने पहले पुलिस को बताया कि उसके पिता ने फांसी लगाई है लेकिन मौके पर पहुंचे पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि पहले गला घोटकर हत्या की गई फिर पहचान छुपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास किया गया। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी.पुलिस मृतक के पारिवारिक और सामाजिक संबंधों की जांच कर रही है। इससे हत्या के कारणों का पता लगाया जा सकेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित वर्ष प्रतिपदा उत्सव खण्ड मछरेहटा आदिलपुर चौराहा आर जे जे एजुकेशन में मनाया गया कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित वर्ष प्रतिपदा उत्सव खण्ड मछरेहटा आदिलपुर चौराहा ट.ख.ख क्क्ठएइङ्क्रग घ्क्राङ्घ में मनाया गया कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त सह सामाजिक समरसता संयोजक डॉ राम नरेश जी ने कहाँ भारतीय नववर्ष प्रकृति के सापेक्ष हैं। इसके माहात्म्य पर जितने भी विचार दिए जाएं वे कम ही होंगे। हमको अपनी संस्कृति, सांस्कृतिक मूल्यों और धरोहरों पर गर्वानुभूति होनी चाहिए। कार्यक्रम में आशीष जी जिला कार्यवाह समीर जी सह जिला कार्यवाह मुनेंद्र जी बनारसी लाल जी मा खण्ड संघचालक खण्ड कार्यवाह दीपक जी खण्ड शारिरिक शिक्षण प्रमुख अनिल जी बौद्धिक शिक्षण प्रमुख शिवम जी खण्ड विस्तारक प्रियांशू जी खण्ड पर्यवरण प्रमुख के पी सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा कुलदीप जयसवाल टख्ठ ट्टएक्क्रग्ख्र प्रबन्धक राहुल सिंह मंडल उपाध्यक्ष निर्मिला जी राजन रस्तोगी भाजपा कार्यकर्ता सौरभ दीक्षित गौरव दीक्षित केशव बाजपेयी आदि स्वयंसेवक कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री जी! डीपीओ के कारगुजारी का लंबी है फ़ेहरिस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विधायक, डीएम और सयुंक्त सचिव पर भारी है डीपीओ का रसूख**

**दागदार डीपीओ की शासन-सत्ता मे है मजबूत पकड, गुनाहों की लंबी फ़ेहरिस्त के बाद नहीं है कोई खौफ**

कुशीनगर। महिला सम्मान व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का दम भरने वाली सूबे की योगी सरकार के इस दावे को कुशीनगर जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय खुलेआम पलिता लगा रहे है। ऐसी चर्चा है कि डीपीओ एक नियोजित तरीके से सरकार की छवि धूमिल कर रहे है। शासन-सत्ता में इनका रसूख इस कदर प्रभावी है कि जिलाधिकारी व संयुक्त सचिव द्वारा डीपीओ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के बावजूद अब तक इनका कोई बाल बाका नही कर सका। इतना ही नही बीते दिनो हाटा विधायक ने डीपीओ के खिलाफ जांच मे दोषी पाये डीएम के रिपोर्ट के साथ बाल विकास एंव पुष्टाहार मंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। किन्तु अफसोस डीपीओ के रसूख के आगे सभी बौना साबित हो रहे है।

मुख्यमंत्री जी। कुशीनगर के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के कुकर्मों की फ़ेहरिस्त बहुत लंबी है।बात सरकार के महिला सम्मान के विपरीत महिला कर्मियों से छेडख़ानी व यौन उत्पीड़न का मामला हो या भ्रष्टाचार पर सरकार के जीरो टॉलरेंस के दावे के इतर नियुक्ति व पुष्टाहार वितरण में अवैध धन उगाही की हो। डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय, योगी सरकार की छवि धूमिल करने में कही पीछे नही रहे है। मजे की बात यह है कि दोषी पाये जाने के बाद भी शासन-सत्ता में बैठे जिम्मेदारो में इतनी हिम्मत नही है कि वह डीपीओ के विरुद्ध कोई कार्रवाई कर सके। यही वजह है छेडख़ानी, यौन उत्पीड़न और अवैध धन उगाही जैसे कृत को डीपीओ बेखौफ अंजाम दे रहे है।



जनपद के हाटा विधानसभा के विधायक मोहन वर्मा ने बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि तत्कालीन जिलाधिकारी कुशीनगर ने शिकायतो के आधार पर डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध जांच करायी गयी थी। जांच मे डीपीओ अपने कार्मिकों के शोषण, अवैध वसूली, नियुक्ति मे धनउगाही, दायित्वों के प्रति उदासीनता व अनुशासनहीनता के आरोप मे दोषी पाये गये। विधायक ने पत्र में मंत्री से अपेक्षा जताते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट में दोषी पाये गये डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई करने की मांग की है।

कहना ना होगा कि तत्कालीन जिलाधिकारी एस राजलिंगम द्वारा जांच मे दोषी पाये गये जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को भेजे गये पत्र मे कहा था कि डीपीओ द्वारा एक सुनियोजित तरीके से सीडीपीओ एवं मुख्य सेविकाओं का वेतन अवरूद्ध किया जाता है तथा आर्थिक शोषण कर वेतन आहरित किया जाता है। इसके अलावा किराये के भवन के भुगतान में एक नेटवर्किंग के तहत शासनादेश का पालन न कर मनमाने ढंग से किराए का भवन दिखाकर भवन किराया भुगतान कर धनराशि का बंदरबांट किया जाना पाया गया। जाँच में यह भी पाया गया कि आगनबाड़ी केन्द्रों से धनराशि की वसूली होती है तथा इस कृत्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय लिप्त है। तत्कालीन डीएम ने लिखा है कि आंगनवाड़ी केन्द्रो के निर्माण की स्वीकृति जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से निर्गत हुई थी। इस लिए धनराशि उपलब्ध होने के बाद समय से कार्य पूर्ण नही होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई करने का दायित्व जिला कार्यक्रम अधिकारी की है जो इनके द्वारा नही किया गया। तत्कालीन डीएम ने डीओ लेटर मे लिखा है कि स्वयं उनके द्वारा कार्यदायी संस्था के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए का निर्देश डीपीओ श्री राय को दिया गया था किन्तु डीपीओ श्री राय ने संबधित किसी भी कार्यदायी संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नही कराये और न ही कोई कार्रवाई की, जिसके वजह से न तो अपूर्ण आंगनवाड़ी केंद्र भवन पूर्ण हुए और न ही दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई सुनिश्चित हो पायी। स्पष्ट है कि प्रकरण मे जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय की ओर से अपने दायित्वों में घोर लापरवाही बरती गयी है। डीएम ने डीपीओ श्री राय के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने की संस्तुति की थी। इसके अलवा डीएम द्वारा डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ धन उगाही, शोषण, यौन उत्पीड़न सहित 11 बिन्दुओ पर टीम गठित कर कराये गये जांच में दोषी पाये गये डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध कार्रवाई करने अनुशंसा की थी। किन्तु शासन-सत्ता मे प्रभावी रसूख के कारण डीपीओ पर आज तक कोई कार्रवाई नही हुई।

## श्रीराम कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति:विजय लक्ष्मी शुक्ला

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के लवकुश पश्चिम पट्टी के पाण्डेय टोला में चल रहे नौ दिवसीय राम कथा के प्रथम दिन रविवार को श्रीराम का जन्म होते ही पांडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचिका मानस कोकिला पंडित विजय लक्ष्मी शुक्ला ने कहा कि पवित्र मन से राम कथा सुनने पर अहंकार, घमंड, पाप सब का नाश हो जाता और मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। भगवान का जन्म असुरों व पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक याद रहेगा। राम कथा में पिता, मां, भाई के प्रति प्रभु श्रीराम का जो स्नेह है , वह सदा सदा के लिए अमर हो गया है। इससे पहले आयोजक माँ काली सेवा सीमित के लोगो द्वारा ब्यास गद्दी का पूरे वैदिक रीति रिवाज से पूजा करने के बाद राम कथा शुरु हुई। इस दौरान युवा भाजपा नेता राणा प्रताप मिश्र ,सिडेश्वर मिश्र, अभय मिश्र,डॉ विकेश मिश्र, वेद व्यास पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, नागेन्द्र पाण्डेय, रामशंकर मिश्र, इंद्रजीत मिश्र, डॉ कृष्ण शंकर मिश्र, रविंद्र पाण्डेय, उमेश गुप्ता, डॉ रानी शुक्ला,छेदी तिवारी, संदीप तिवारी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## यज्ञ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग : डा. उद्धव

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही स्थित बंगरा रामबक्स राय दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं रामकथा अमृत वर्षा का भव्य समापन शनिवार को हवन-पूजन, भंडारा और महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ मंडप में विद्वान आचार्यों द्वारा विधिवत हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान भक्तों ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महायज्ञ के अंतिम दिन पूरे परिसर में भक्ति और आध्यात्मिकता की गूंज सुनाई दी। कथावाचक स्वामी डा. उद्धव शरण महाराज ने अयोध्याधाम प्रस्थान के पूर्व उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने श्री शतचंडी महायज्ञ के धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने बताया कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो पर्यावरण शुद्धि के साथ-साथ मन, मस्तिष्क और आत्मा की शुद्धि का भी माध्यम है। स्वामी उद्धव शरण महाराज ने रामकथा के मर्म को समझाते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने से ही जीवन सार्थक बनता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य, न्याय और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महायज्ञ के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से हवन कुंड में आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में ग्रामीणों के साथ दूर-दराज से आए भक्तों ने भी भाग लिया। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं, सेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# शांति व सौहार्द का संदेश लेकर संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना परिसर में हिंदू नववर्ष, नवरात्र, रमजान माह, ईद, रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने की, जिसमें गणमान्य नागरिक, व्यापारी, अधिवक्ता, प्रधान व विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान सभी वक्ताओं ने एक स्वर में धार्मिक सौहार्द्र और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर बल दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि सभी त्योहार हमारी संस्कृति की सुंदर छवि प्रस्तुत करते हैं और हमें इन्हें प्रेम, सहयोग व शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। व्यवसायी रजनीश राय ने पर्वों के आर्थिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये अवसर न केवल धार्मिक बल्कि आपसी भाईचारे को मजबूत करने का जरिया भी होते हैं। प्रधान व एडवोकेट हरिकेश तिवारी भट्ट ने अपने संबोधन में बताया कि देश की एकता व अखंडता को बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है, और त्योहारों के माध्यम से हम इस दायित्व को बखूबी निभा सकते हैं। सामुदायिक प्रतिनिधियों में फिरोज अंसारी और मुर्तजा अंसारी ने रमजान और ईद की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देते हैं।

वहीं, रमाकांत राय ने नवरात्र और रामनवमी की धार्मिक भावनाओं को साझा किया और सभी को प्रेमपूर्वक पर्वों के आयोजन का संदेश दिया। बैठक का माहौल भावनात्मक व प्रेरणादायक रहा। वक्ताओं ने एक-दूसरे के त्योहारों की खूबियों को सराहा और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। सभी ने यह संकल्प लिया कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया जाएगा जिससे समाज में तनाव उत्पन्न हो। बैठक के अंत में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

# तकनीकी शिक्षा से ही मिलेगा रोजगार आत्मनिर्भर बनेगा युवा : सिद्धार्थ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। आज के आर्थिक प्रतिस्पर्धी युग में युवा वर्ग तकनीक शिक्षा प्राप्त किये बिना केवल स्नातक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त कर कभी भी आत्मनिर्भर नहीं बन सकता क्योंकि नौकरी व रोजगार आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त किये बिना कदापि फलीभूत नहीं हो सकता।वर्तमान समय में युवाओं के समक्ष तकनीकी ज्ञान की जानकारी ही एक मात्र विकल्प दिखायी पड़ रहा है ऐसे में छात्र व अभिभावक दोनों को अपनी मानसिकता दृढ़ करनी होगी।

उक्त बातें यहाँ स्थानीय बाजार में संचालित राजेश्वर पाण्डेय मेमोरियल महाविद्यालय के युवा प्रबन्धक सिद्धार्थ पाण्डेय ने तकनीकी शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहीं।श्री पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के नाम पर क्षेत्र के विशेषकर पूर्वांचल के युवा अधिकतम स्नातक/स्नातकोतर तक की डिग्री हासिल कर संतुष्ट हो जाते हैं लेकिन सत्यता यह है कि उनको इस डिग्री से नौकरी व रोजगार दोनों ही हासिल नहीं हो सकता।नौकरी व रोजगार के लिये कंप्यूटर सहित अन्य तकनीकी ज्ञान की जानकारी आवश्यक व श्रेयस्कर है।युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये अभिभावकों को स्वयं भी विज्ञान से सम्बंधित आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अपने पाल्यों को प्रोत्साहित करना होगा क्योंकि कम्प्यूटर, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के बाद युवक को नौकरी नहीं मिलने पर भी बेरोजगारी का दंश नहीं सहना पड़ेगा।युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये सरकार भी ग्रामीण अंचल के गरीब बच्चों को कंप्यूटर सहित अनेक प्रशिक्षण निशुल्क रूप से प्रदान करा रही है।श्री पाण्डेय ने प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों की अपेक्षा पूर्वांचल में तकनीकी शिक्षा केन्द्रों की कमी पर निराशा व्यक्त करते हुए सरकार से पूर्वांचल में भी अधिकाधिक तकनीकी केन्द्रों को खोलने की माँग की जिससे पूर्वांचल के युवा भी लाभान्वित हो सकें।

## ओवरलोड बालू लदी ट्रक पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई।

कुशीनगर। खनन विभाग ने ओवरलोड बालू लदे ट्रकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग द्वारा खडडा थाना क्षेत्र में एक ओवरलोड ट्रक को सीज कर दिया गया है।खनन अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिससे ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। प्रशासन का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के अनियंत्रित होने के कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, जिन्हें रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।खनन विभाग की इस कड़ी कार्रवाई के बाद अन्य ओवरलोड ट्रक चालकों में भी भय का माहौल देखा जा रहा है। प्रशासन ने यह संकेत दिया है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और ओवरलोडिंग पर सख्त नजर रखी जाएगी।यह कार्रवाई उन अवैध परिवहनकर्ताओं के लिए एक चेतावनी मानी जा रही है, जो नियमों की अनदेखी कर ओवरलोडिंग कर रहे थे। प्रशासन ने अपील की है कि सभी वाहन चालक निर्धारित वजन सीमा के भीतर ही बालू और अन्य सामग्रियों का परिवहन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## संघ ने धूम धाम से मनाया हिंदू नव वर्ष एवं डॉ हेडगेवार का जन्मदिन

**पडरौना, कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिंदू नव संवत्सर वर्ष प्रतिपदा (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) सिद्धार्थी नामक विक्रम संवत 2082 तदनुसार 30 मार्च 2025 व वासंतिक नवरात्र के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक परम पूज्य डॉक्टर केशव राव बलिराम राव हेडगेवार के 136वीं जन्मदिन पर पडरौना के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने पूर्ण गणवेश में हनुमान विद्यालय पडरौना के प्रांगण में शाखा लगाकर डॉ. हेडगेवार की चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रणाम करते हुए हिंदू नव वर्ष बड़े धूम धाम से जिले के सभी खण्डों एवं नगरों में मनाया एवं एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए जिले के सभी हिंदुओं को बधाई दिए।

## ग्यारह विभागों की मदद से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस अप्रैल से होगी घर घर दस्तक

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में एक अप्रैल से लेकर तीस अप्रैल तक ग्यारह विभागों की मदद से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा । इस दौरान दिमागी बुखार से बचाव के साथ साथ सभी प्रकार के संचारी रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, टीबी, कुष्ठ आदि से बचाव के प्रयास होंगे। दस अप्रैल से स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर दस्तक देकर लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगी और संभावित लक्षण वाले रोगियों की सूची भी तैयार करेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय अभियान का शुभारंभ महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से करेंगे। सभी ब्लॉकों पर अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एक माह तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग या ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग और उद्यान विभाग समन्वय बना कर काम करेंगे। इस दौरान संचारी रोगों के वाहक नियंत्रण गतिविधियों, जनजागरूकता, साफ सफाई, शुद्ध पेयजल के इंतजाम, हीट वेव के प्रबंधन की गतिविधियां आदि संचालित की जाएंगी। इस संबंध में जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश और सीडीओ संजय कुमार मीणा के दिशा निर्देशन में आवश्यक बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं। पूरे माह अग्रिपंक्ति कार्यकर्ता आभा आईडी भी बनाएंगी।

## बाल गृह शिशु में आश्रित बच्चों का सामूहिक जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एशियन सहयोगी संस्था इंडिया द्वारा संचालित बाल गृह शिशु में आश्रित बच्चों का सामूहिक जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सभी बच्चे नए-नए कपड़ों में सजे-धजे थे और उनके लिए स्वादिष्ट व पौष्टिक विशेष भोजन की व्यवस्था की गई थी। जन्मदिन के उल्लास से पूरा परिसर आनंदमय वातावरण में बदल गया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ मिलकर जन्मदिन का गीत गाया और उनके साथ खुशियाँ बाँटी। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह, समिति के अन्य सदस्य एवं मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर श्री ओंकारनाथ तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। संस्था की एडमिन डायरेक्टर श्रीमती उषा दास ने अपने संबोधन में कहा, कि बच्चों की मुस्कान और उनकी खुशी ही हमारे प्रयासों की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस प्रकार के आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ यह अहसास दिलाते हैं कि वे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## पनियरा में मेडिकल स्टोर संचालक से दुकान में घुसकर मारपीट

**महराजगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार दोपहर 1:00 बजे पनियरा थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर संचालक से दुकान में घुसकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है जो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है मिली जानकारी के अनुसार पनियरा थाना क्षेत्र के जंगल बड़हरा निवासी इमामुद्दीन खान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनका पनियरा ब्लाक के सामने मेडिकल स्टोर की दुकान है आज दोपहर में कुछ काम से जब वह दुकान से बाहर गया था तो उसे समय उनका भतीजा दुकान पर मौजूद था इसी दौरान एक दर्जन से अधिक लोग दुकान में झुंड बनाकर घुस गए और उनके भतीजे के साथ मारपीट की और दुकान का सामान भी तीतर बीतर कर दिया शुरू गुल सुन कर स्थानीय लोग दुकान पर पहुंचे और बीच बचाव किया तथा जाते हुए जान से मारने की धमकी देते गए वही मारपीट की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पडरौना,कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार की सुबह से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। देवी स्थानों पूजन किया और सुख समृद्धि कर कामना की। ज्यादातर भक्तों ने व्रत रखा और घर में कलश स्थापना कर देवी की उपासना शुरू की। नगर के बुढ़िया माई मंदिर, साहबगंज, लखराव शायरी माता, खिरकिया दुर्गा मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजा दिया गया था। सुबह मंदिर के पुजारी ने महाआरती कर श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह खोल दिया। जयमाता दी के जयघोष के साथ माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर प्रशासन की तरफ से भक्तों की सुविधा के लिए तमाम उपाय किए गए थे। महिला और पुरुष दर्शनार्थियों के लिए बैरिकेडिंग कर अलग-अलग कतार लगवाई गई।

# ईश्वरीय साधना, संस्कृति एवं परंपरा की पहचान : द्वारिका तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। हनुमत संगीत आश्रम एवं सेवा संस्थान द्वारा मानसरोवर मंदिर के प्रांगण में भक्तिमय कार्यक्रम 'सांचा नाम तेरा' का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोरखनाथ मंदिर के प्रबंध सचिव द्वारका तिवारी, विशिष्ट अतिथि मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित, शंखनाद एवं मंत्रों उच्चारण करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारिका तिवारी ने चैत्र रामनवमी की सभी को बधाई देते हुए कहा कि ईश्वरीय साधना, संस्कृति एवं परंपरा की पहचान है।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आश्रम के अभिषेक पांडेय बिट्टू, प्रसूची मिश्रा, शौर्य शर्मा, सान्वी शर्मा, मनन वर्मा, सन्वी चौहान, सुप्रिया चौहान, शील मिश्रा, दिव्यंका दुबे, शिप्रा दयाल, ओम सिंह, मनोज मिश्रा मिहिर, निशांत शुक्ला, मोहित रैताबी, श्रीश श्रीवास्तव, संध्या यादव, प्रीति अग्रहरि, अलका जायसवाल, सिद्धि सिंह, बबीता त्रिपाठी, वेदांत मिश्रा, निशांत पांडेय, अनुकृति गुप्ता, शशांक, निमिषा गुप्ता के भजन गीतों की प्रस्तुति और वादक विशाल उपाध्याय, अभिषेक यादव, पंकज, बृजेश के बेहतरीन संगीत, लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारिका तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि कमलनाथ को आश्रम के प्रबंध सचिव धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य नरेंद्र उपाध्याय, चिकित्सक डॉ. शिव शंकर शाही, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश मणि मिश्रा, बीजेपी महानगर अध्यक्ष देवश श्रीवास्तव, सन रोज संस्थान के चेयरमैन विवेक कुमार अस्थाना को आश्रम के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# दो मोबाइल मेडिकल यूनिट का रवि किशन शुक्ला ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेशः वंचित और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, गेल (इंडिया) लिमिटेड की सीएसआर पहल 'आरोग्य' के तहत गोरखपुर में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) का शुभारंभ किया गया। यह पहल प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इन एमएमयू में योग्य डॉक्टर, एएनएम/नर्स, फार्मासिस्ट सहित एक प्रशिक्षित चिकित्सा टीम मौजूद होगी, जो ग्रामीण और वंचित इलाकों में जाकर मुफ्त इलाज एवं आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराएगी। यह यूनिट वायरल बुखार, त्वचा संबंधी रोग, रक्तचाप, जोड़ों का दर्द, सर्दी-खाँसी जैसी बीमारियों का इलाज करेगी और आवश्यकतानुसार गंभीर मामलों को सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाएगा।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएँ दी जा रही हैं। एम्स गोरखपुर की स्थापना, नए मेडिकल कॉलेजों और टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार से प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को नई ऊँचाइयाँ मिली हैं। गेल इंडिया की यह पहल सरकार की इन नीतियों को और मजबूती प्रदान करेगी।

गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ''गेल इंडिया द्वारा शुरू की गई यह सेवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि का परिणाम है, जिससे गोरखपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएँ सुदृढ़ होंगी। मैं इस पहल के लिए गेल इंडिया, चिकित्सा टीम और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह कदम निश्चित रूप से आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएगा और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इस परियोजना का सीधा लाभ उन लोगों को मिलेगा, जिनकी स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच है।

# पुलिस ने दो साल बाद गुमशुदा महिला को परिजनों से मिलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत एक सराहनीय कार्य करते हुए करीब दो साल पहले लापता हुई एक महिला को उसके परिवार से मिलाने में सफलता हासिल की है। यह महिला रौनापार थाना क्षेत्र के अभ्भनपट्टी गांव निवासी दुर्वासा देवी उम्र 40 वर्ष है, जो याददाश्त खो जाने के कारण घर से भटक गई थी और राजस्थान के अलवर पहुंच गई थी। रौनापार थाना क्षेत्र के देवारा अभ्भनपट्टी गांव निवासी दुर्वासा देवी पत्नी रामनरेश दिमागी रूप से ठीक नहीं थी। उनका मायका कंधरापुर थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में है। अपनी याददाश्त खो बैठी थीं। इस कारण वह घर से निकल गईं और भटकते हुए अलवर, राजस्थान पहुंच गईं। वहां पहुंचकर वह अपना घर आश्रम'''' में रहने लगी। वहां पर उनका उपचार चल रहा है। इलाज के बाद जब



उनकी याददाश्त कुछ हद तक लौटी, तो उन्होंने अपना नाम दुर्वासा और घर देवारा क्षेत्र, आजमगढ़ में बताया। हालांकि, उनकी कमजोर याददाश्त और भाषा समझने में कठिनाई के कारण आश्रम प्रबंधन को उनके परिवार तक पहुंचने में मुश्किल हो रही थी। 25 मार्च 2025 को आश्रम की वार्डन शीतल शर्मा ने आजमगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शैलेंद्र लाल से संपर्क किया और मामले की जानकारी दी। महिला ने बताया कि उसका मायका देवारा क्षेत्र में और ससुराल भंवरनाथ मंदिर के पास है। इस आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि वह आजमगढ़ के बाढ़ग्रस्त देवारा क्षेत्र से हो सकती है।

महिला की तलाश के लिए पुलिस ने 10 टीमों का गठन किया। इन टीमों ने महिला की फोटो के साथ क्षेत्र के हर गांव, मजरे और मोहल्ले में तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि दुर्वासा देवी अभ्भनपट्टी गांव की निवासी हैं, जिनकी शादी हरिपुर गांव के रामनरेश से हुई थी। रामनरेश सूरत में काम करते हैं और उनकी तीन बेटिया और एक बेटा हैं। परिवार ने महिला के लापता होने की सूचना पुलिस को नहीं दी थी, लेकिन अपने स्तर पर खोजबीन की थी, जो नाकाम रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना ने बताया कि वर्ष 2023 में आजमगढ़ से मानसिक रूप से विक्षिप्त गुमशुदा महिला को करीब दो वर्ष बाद परिजनों से मिलाया गया। बच्चे अपनी मां को पाकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं।

# एक दिवसीय एडवेंचर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवरिया। सनबीम स्कूल के प्रयासों से छात्रों को मिलता है नई राह यह प्रयास रहता है कि बच्चों को पठन-पाठन के साथ ही जीवन से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को अतिरिक्त गतिविधियों के द्वारा सीखने के लिए प्रेरित किया जाए । इसके लिए समय-समय पर अनेक प्रकार की महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वार्षिक परीक्षाओं के समापन तथा नए सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों का मानसिक तनाव दूर करने तथा उनमें एक नई ऊर्जा और स्फूर्ति का संचार करने हेतु दिनांक 29.03.2025 को एक दिवसीय एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अवनीश मिश्र, उपनिदेशिका नीतू मिश्रा एवं इस एडवेंचर कंपनी के प्रमुख गौरव तिवारी ने संयुक्त रूप से गुब्बारों के गुच्छ को हवा में उड़ाकर किया। इस एडवेंचर कैंप में बच्चों के लिए अनेक साहसिक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें डिजिटल डोमेन प्लैटिनम, थ्रीलिंग एडवेंचर, एस्ट्रोनॉमी सेशन आदि प्रमुख थे। बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ इन सभी गतिविधियों में प्रतिभाग किया और उन आश्चर्यजनक गतिविधियों को बिना डरे अंजाम दिया। इस आउटडोर गतिविधि में बच्चों ने अनेक आश्चर्यजनक कौशलों को सीखा और उनका आनंद लिया। यह एक साहसिक गतिविधि है जिसमें प्रतिभाग कर बच्चों में आत्मविश्वास, लचीलापन, स्वतंत्रता की भावना आदि का विकास हुआ। इस कैंप में 240 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर इसका आनंद लिया

# सीएम योगी के मार्गदर्शन में डीएम नेहा शर्मा की पहल से वनटांगिया बच्चों का भविष्य होगा उज्ज्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।योगी सरकार ने महेशपुर वनटांगिया ग्राम और बुटाहनी वनटांगि या गाँव में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।इसके साथ ही,स्कूलों के निर्माण के लिए बजट भी जारी कर दिया गया है।यह पहल वनटांगिया समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी।जिला प्रशासन की इस सकारात्मक पहल से अब वनटांगिया ग्रामों के बच्चों को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।यह निर्णय शिक्षा के प्रचार-प्रसार में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।सरकार ने प्रत्येक प्राथमि क विद्यालय के लिए 29.45 लाख रुपये का बजट स्वीकृ त किया है,जिससे इन विद्यालयों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जून 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद वनटांगिया समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने की मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के दृष्टिगत यहां वनटांगिया ग्रामों का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को नजदीक से देखा।उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुना और शिक्षा की जरूरत को प्राथमि कता दी।उनकी सक्रिय पहल के कारण यह प्रस्ताव शासन तक पहुंचा और इसे मंजूरी मिल गई।यह निर्णय प्रशासन की संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शा ता है।शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार,छपिया के ग्राम पंचायत महुलीखोरी के वन ग्राम बुटहनी और नवा बगंज के ग्राम हरदवा के वन ग्राम महेशपुर में इन प्राथमि क विद्यालयों की स्थापना की जाएगी।इनके निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है।जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे अगले कुछ महीनों में इन विद्यालयों का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

स्थानीय लोगों ने जताया आभार

विद्यालयों की स्थापना की घोषणा से वनटांगिया ग्रामों में खुशी की लहर दौड़ गई है।स्थानीय निवासियों ने शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।एक स्थानीय नि वासी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ''हमारे बच्चों को अब शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह हमारे गांव के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।'' यह पहल समाज के हर वर्ग को शिक्षा से जोड़ने और उनके भविष्य को संवारने में सहायक होगी।यह निर्णय वनटांगिया समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।इससे न केवल बच्चों को शिक्षा मिलेगी,बल्कि पूरे समाज को मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।यह प्रशासन की दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# नानपारा की मस्जिद व ईदगाह में ईद की नमाज का समय हुआ तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर में इन दिनों ईद की खरीददारी जोरो पर है, ऐसे में लोग आज ईद मनाने और नमाज अदा करने को तैयार है। रमजान का पाक व ब-बरकत वाला महीना रोजेदारों से रूखसत हो रहा है। बीते साल की तरह इस साल भी ईद-उल-फितर का पर्व परंपरागत मनाने को लेकर मस्जिदों व ईदगाहों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है, ईद का चाँद दिखाई देने के साथ ही ईद का पर्व मनाया जायेगा। हर साल की तरह इस साल भी ईद की नमाज पढ़ने में नमाजियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसका भी खास ख्याल रखा गया है और अलग अलग मस्जिदों व ईदगाहों में ईद की नमाज को लेकर अलग अलग समय निर्धारित किया गया है। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इन्तेजामात किये गये है और पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार गश्त भी किया जा रहा है ताकि ईद की नमाज और ईद का पर्व शान्तिपूर्ण आपसी भाईचारे के साथ सकुशल सम्पन्न हो सके। नगर में ईद-उल-फितर की नमाज अलग-अलग वक्त पर ईदगाहों और मस्जिदों में तय समयनुसार होगी जो इस प्रकार है। ग्राम पंचायत नानपारा देहाती के राजापुरवा में स्थित नई ईदगाह नानपारा में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 9:00 बजे मौलाना अफजल नदवी पढ़ाएंगे, पुरानी ईदगाह नानपारा में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 10:00 बजे मौलाना मोईनुद्दीन कादरी पढ़ाएंगे, बाजार वाली मरकज मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:00 बजे मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी पढ़ायेगे, राजा बाजार स्थित राजा वाली मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 9:30 बजे मुफ्ती मोहम्मद खालिद रजा कादरी पढ़ाएंगे, कसगर मस्जिद (हाफिज समदयार खाँ) मोहल्ला कसगर टोला में सुबह 8:00 बजे ईद-उल-फितर की नमाज मौलाना इम्तियाज अलीमी पढ़ाएंगे, बेगम वाली मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:00 बजे हाफिज तौकीर रजा पढ़ाएंगे, हकीम कैसर वाली मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 09:00 बजे मौलाना वजीहुद्दीन शुऐब पढ़ाएंगे, रुपईडीहा रोड स्थित कॉलोनी वाली मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 08:15 बजे मौलाना अमानतुल्ला कासमी पढ़ाएंगे, (शीशे वाली) मस्जिद घसियारन टोला में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 7:45 बजे होगी, बचाऊं शाह मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:00 बजे रेहान रजा बरकाती पढ़ायेगे। मिहींपुरवा रोड स्थित मस्जिद बिलाल में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:30 बजे मौलवी निसार अहमद पढ़ायेगे। गौसिया मस्जिद कसाई टोला में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:00 बजे मुफ्ती गुलाम रब्बानी मजरी पढ़ायेगे। तैय्यब मस्जिद जामिया कासमिया खैरूल उलूम में ईद की नमाज सुबह 07:30 बजे मुफ्ती मोहम्मद सालिम कासमी पढ़ायेगे, चिकवा मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 09:00 बजे मौलाना अब्दुल सत्तार पढ़ायेगे। मोहल्ला संगत टोला खजूर वाली मस्जिद में ईद उल फित्र की नमाज सुबह 08:00 बजे मौलाना अकबर साहब पढ़ायेगे। मस्जिद-ए-रज़ा हसनगंज में ईद की नमाज सुबह 07:30 बजे मौलाना मोहम्मद अमीन पढ़ायेगे। मस्जिद डॉ0 जान मोहम्मद स्टेशन रोड में ईद की नमाज सुबह 09:00 बजे कारी मोहम्मद इरशाद पढ़ायेगे। जिन्नात वाली मस्जिद (कब्रिस्तान) में ईद की नमाज सुबह 09:00 बजे हाफिज अब्दुल सत्तार पढ़ायेगे। इस प्रकार सबसे पहले ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 7:30 बजे रजा मस्जिद हसनगंज में और तैय्यब मस्जिद जामिया कासमिया खैरूल उलूम में पढ़ायी जायेगी जबकि सबसे बाद में सुबह 10:00 बजे ईद-उल-फितर की नमाज पुरानी ईदगाह नानपारा में पढ़ाई जायेगी।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सिविल लाइंस गोंडा स्थित श्री हरिनरायन सावित्री देवी मिनी चिकित्सालय पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में गोयल सुपर स्पेशलि टी हॉस्पिटल लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर में हड्डी रोग विशेष ज्ञ डॉ.अभय प्रताप सिंह एम.एस.तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.जूही सिसोदिया एमबीबीएस,डीएनबी फिम्स ने आए हुए मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सीय पराम र्श दिया।शिविर में आए चिकित्सकों को हरी नरायन साईं मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक संजय जयसवाल एडवो केट ने अंग वस्त्र तथा बुके प्रदान कर सम्मानित किया। ट्र स्ट के अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल ने बताया कि मरीजों की मांग को देखते हुए आगे भी चिकित्सालय परिसर में यह शिविर प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को प्रातः11:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजित किया जा ता रहेगा। शिविर के आयोजन में गोयल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रशासक डॉ.राजीव अग्रवाल, डॉ.ओंकार पाठक, डॉ.राजेश श्रीवास्तव, डॉ.आशा पाठक,रजत जाय सवाल,अमन जयसवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा । भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 120 वें एपिसो ड को सुना।भाजपा जिलाध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने क हा कि मैंने 'मन की बात' को सुना और इसके माध्यम से ब हुत सारी जानकारियों के बारे में पता चला।भाजपा जिला ध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' का कार्यक्रम लगातार चल रहा है। इस कार्यक्रम में वह छोटी-छोटी चीजों को देश की जनता के सामने प्रस्तुत करते हैं।आज 'मन की बात' का कार्यक्रम

जिले में हजारों बूथो पर कार्यकर्ताओं ने सुना है।कार्यक्रम के माध्यम से पीएम मोदी ने देश की जनता को कई मुद्दों से अवगत कराया है।वही 'मन की बात' कार्यक्रम को बीजे पी विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय नें ज्ञानवर्धक बताया।उन्होंने कहा,मन की बात के साथ-साथ यह ज्ञान और नॉले ज की बात है।ऐसी जानकारी जो हम लोगों को भी नहीं रहती है।वह पीएम मोदी ने आज महुआ के बिस्कुट के बारे में बात की।इसके अलावा,बच्चों के समर वैकेशन का भी जिक्र किया गया।मुझे लगता है कि मन की बात चेतना और जागरूकता का कार्यक्रम बन गया है,जो युवाओं के लिए अच्छा है।उन्होंने आगे कहा,योग जीवन में परिवर्तन का बहुत बड़ा कारण बन रहा है।मैं आपके माध्यम से स भी युवाओं और क्षेत्र की जनता से अपील करता हूँ कि प्रधानमंत्री ने जिन विषयों को आज उठाया है,उस पर हम सभी लोगों को आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 120 वें ए पिसोड में 'त्योहारों की एकता परीक्षा पे चर्चा जल संरक्षण खेलो इंडिया पैरा गेम्स,हनुमानकाइंड समेत कई बातों का जिक्र किया।पीएम मोदी ने त्योहारों का जिक्र करते हुए कहा,हमारे देश के अलग-अलग राज्यों में आज हिन्दू नव वर्ष कि शुरुआती हो रही है।विविधता भरे हमारे देश में, अलग-अलग राज्यों में अगले कुछ दिनों में असम में 'रोंगा ली बिहू', बंगाल में 'पोइला बोइशाख' और कश्मीर में 'नव रेह' का उत्सव मनाया जाएगा।इसी तरह,13 से 15 अप्रैल के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की जबर दस्त धूम दिखेगी।इसे लेकर भी उत्साह का माहौल है और ईद का त्योहार तो आ ही गया है।यानी ये पूरा महीना त्यो हारों और पर्वों का है।मैं देश के लोगों को इन त्योहारों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**मंडल के पांच अध्यक्षों के नाम की घोषणा**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति के उपरांत जनपद के शेष बचे पांच मंडल के अध्यक्ष के नाम की घोषणा चुनाव अधिकारी अशोक सिंह द्वारा की गई है।

झंझरी पूर्वी मंडलध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वर्मा,नगर अध्यक्ष आशीष मोदनवाल,अमदही से हनुमान यादव मनकापुर से विनय कुमार चौहान एवं गौरा के मसकनवा से राधिका देवी के नाम की घोषणा की गईं है।

# पत्नी ने अपने जेई पति को ड्रम में काटकर भरने की दी धमकी, वाइपर से पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में जल निगम विभाग में जेई के पद पर तैना त धर्मेंद्र कुशवाहा नाम अपने ही पत्नी से डरा हुआ है और परेशान है।अपनी ही पत्नी से बचाने को लेकर के गोण्डा पुलिस प्रशासन से और उच्च अधिकारियों से गुहार लगाता हुआ नजर आ रहा है।क्योंकि पीड़ित जेई की पत्नी माया मौर्या ने मेरठ कांड जैसा हॉल करके नीले ड्रम में काटकर भरने की पति को धमकी दी है।पीड़ित पति के सेकंड फ्लो र पर रख ड्रम और सीमेंट की बोरियां दिखा करके पत्नी ने धमकी दी है जिसके बाद अब पति ने पूरे मामले में कार्यवा ही की मांग की है।दो बार हुई मारपीट और विवाद को ले कर पति द्वारा अपनी ही पत्नी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है और उसकी पुलिस जांच भी कर रही है।दरअसल पूरा मामला मैं आपको सि लसिले वर तरीके से बताता हूँ।झांसी के रहने वाले धर्मेंद्र कुशवाहा ने एक मैगजीन 2012 लिखी थी पढ़कर के ब स्ती की रहने वाली माया मौर्या ने धर्मेंद्र कुशवाहा के पास नंबर के माध्यम से फोन किया था।इसी दौरान दोनों के बी च संबंध अच्छे हो गए और दोनों ने चार साल बाद 2016 में दोनों परिवारों की सहमति से लव मैरिज शादी की थी। 2016 में हुई शादी के बाद पति धर्मेंद्र कुशवाहा और पत्नी माया मौर्या दोनों एक साथ रह रहे थे 2021 में धर्मेंद्र कुश वाहा की एक पुत्री भी हुई जिसकी उम्र वर्तमान समय में तीन साल है।पत्नी ने पति से कहकर अपने नाम तीन टै क्सी गाड़ियां भी निकलवाई ताकि उसे चलवा करके पत्नी भी कमाई कर सके।पति ने तीन टैक्सी गाड़ी अपने पत्नी के नाम निकलवा दिया और खुद अपनी सैलरी से उन गा ड़ियों की किस्त भी भरी।साथ ही 2022 में धर्मेंद्र कुश वाहा ने नगर कोतवाली क्षेत्र के डिहवा ग्राम पंचायत में ए क जमीन ली थी।उसी जमीन पर मकान बनाने के लिए पत्नी माया मौर्या के एक दूर के रिश्तेदार नीरज मौर्या को निर्माण का काम दिया था।इसी दौरान माया मौर्या का अप ने दूर के रिश्तेदार नीरज मौर्या से अवैध संबंध इसलिए हो गया।क्योंकि नीरज की पत्नी का कोरोना कॉल में देहांत हो गया था।कई बार पति धर्मेंद्र कुशवाहा को अपने पत्नी पर शक हुआ।लेकिन उसने उसे शक पर ध्यान नहीं दिया और पति ने पत्नी पर नजर रखना शुरू कर दिया था।सात जुलाई 2024 को पति धर्मेंद्र कुशवाहा अपनी पत्नी माया मौर्या के साथ सोए हुए थे और नीरज मौर्या बगल के कमरे में सोया हुआ था।लेकिन जब पति रात में सो कर उठा तो देखा कि उसकी पत्नी अपने दूर के रिश्तेदार नीरज मौर्य के साथ बगल वाले कमरे में आपत्तिजनक हालत में है। जब पति ने इसका विरोध किया तो रात में ही पत्नी ने अप ने दूर के रिश्तेदार नीरज मौर्या के साथ मारपीट करके और घर से दोनों फरार हो गए।25 अगस्त 2024 को पत्नी दो बारा अपने आशिक नीरज के साथ अपने पति के घर पहु ची।जहां जबरदस्ती ताला तोड़कर घर पर कब्जा कर लि या और घर में घुसकर पति के साथ मारपीट करके 15 ग्रा म सोने की जंजीर 14400 जो की ब्रीफकेस में रखा था चोरी करके फरार हो गई।पीड़ित पति ने एक सितंबर 20 24 को अपनी पत्नी और उसके आशिक के खिलाफ मुक दमा दर्ज कराया था।फिर इसके बाद पत्नी दोबारा अपने पति के घर पहुंची अपने आशिक नीरज मौर्य और तीन अ न्य साथियों के साथ मिलकर दो सितंबर 2024 को पति के साथ जमकर मारपीट की थी और घर में रखी कुछ सा मान लेकर फिर फरार हो गई थी।जिसको लेकर पति द्वारा दस अक्टूबर 2024 को भी नगर कोतवाली में मुकदमा द र्ज कराया गया था।पति धर्मेंद्र कुशवाहा 25 अगस्त 2024 से ही अपनी पत्नी के धमकी से डर कर अलग किराए का मकान लेकर के रह रहा था।यह विवाद दोबारा फिर से इस लिए अब शुरू हुआ क्योंकि 19 मार्च 2025 को पीड़ित पति धर्मेंद्र कुशवाहा की मां और पत्नी माया मौर्या की मां दोनों गोंडा वाले घर पहुंची।तो वहां पर पत्नी माया मौर्य ने अपनी मां और अपने पति,उनकी मां के साथ अपने आशि क के साथ मिलकर मारपीट करने शुरू कर दी।इसके बाद पति धर्मेंद्र कुशवाहा द्वारा मौके पर पुलिस बुलाई गई और नगर कोतवाली में दोनों के बीच समझौता हुआ।कि दो दिन में पत्नी माया मौर्या पति धर्मेंद्र कुशवाहा का मकान खाली कर देगी लेकिन 21 मार्च 2025 से बराबर माया मौर्या द्वारा दोनों मां के साथ मारपीट करने शुरू कर दी गई।पत्नी द्वारा पति के साथ की गई मारपीट की पूरी घटना भी 19 मार्च की सीसीटीवी कैमरे में कैद है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।लेकिन इसके बाद किसी तरीके से दोनों रह रही थी और कल 29 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे फिर पत्नी ने अपने पति के साथ मारपीट किया पति के मां और अपनी मां को जान से मारने की धमकी दी।जिसके बाद पति ने नगर कोतवाली पुलिस को सूचना दी और डायल 112 पर फोन करके सहायता मांगी। सूच ना पर पहुंची डायल 112 द्वारा पत्नी माया मौर्या पति धर्मे द्र कुशवाहा पत्नी की माता और अपनी माता को लेकर प ति नगर कोतवाली पहुंचा।जहां पर अपनी पत्नी के खिला फ लिखित शिकायत दी पत्नी इतनी चालाक थी कि उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि हम भूखे हैं।कुछ खाकर के बाह र आते हैं जैसे ही बाहर निकली वह अपने आशिक नीरज मौर्य के साथ कोतवाली से फरार हो गई।अब पीड़ित पति मेरठ कांड जैसा हल करने की धमकी मिलने के बाद डरा और सहमा हुआ है अपनी पत्नी और उसके आशिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है।



**पीड़ित पति धर्मेंद्र कुशवाहा ने बताई अपनी कहानी**

वही गोंडा जल निगम विभाग में तैनात पीड़ित जेई पति धर्मेंद्र कुशवाहा ने बताया कि 2012 में हमारी मुलाकात माया मौर्या नाम की लड़की से एक मैग्जीन के माध्यम से हुई थी।इस मुलाकात के बाद हम दोनों का रिश्ता दोस्ती में तब्दील हो गया और 2016 में हम दोनों लोगों की शादी हो गई।शादी बढ़िया चलती रही लेकिन हमारी आज बहुत खराब स्थिति है।मेरी पत्नी माया मौर्या ने आज मेरी आंख फोड़ने का प्रयास किया मेरा चश्मा भी तोड़ दिया है।मेरी पत्नी का रही है कि ज्यादा बोलोगे तो तुमको ड्रम में भरवा देंगे नीरज के गुंडो से कटवा देंगे,जब झगड़ा हुआ तो मैंनें पुलिस बुलाया हम लोग थाने पर गए।यह बहाना बनाकर खाने के लिए बाहर गईं तो नीरज उसको लेकर के अपने साथ लेकर गया है।हमारे ऊपर वाले फ्लोर पर कुछ काम चल रहा था तो वहां पर ड्रम रखा हुआ है तो कह रही है कि ज्यादा बोलोगे तो तुमको ड्रम में भर देंगे।वहां पर तीन चार सीमेंट की बोरियां रखी हुई है और एक ड्रम रखा हुआ है।और धमकी दे रही है कि मेरठ में मुस्कान वाली कहानी जा नहीं रहे हो तुमको कट करके हम ड्रम में भर देंगे।मैं चाहता हूं कि मुझे न्याय मिले और इन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।मेरी पत्नी माया मौर्या और उसके आशिक नीरज मोर्य से हमारी रक्षा की जाए।क्योंकि हमें नौकरी करना है फील्ड की हमारी नौकरी है।नीरज मौर्या कोरियर पैकेट बंटवाने का काम करता है और फ्राड आद मी है मेरा बहुत सारा पैसा खा भी चुका है।मेरे पक्ष में मेरा परिवार तो पहले से है ही लेकिन मेरी सास,मेरा पूरा परि वार मेरे साथ है क्योंकि वह लोग सच्चाई जानते हैं।हर त रीके से मुझे परेशान कर रही है बर्तन उठाकर मारना मोह ल्ले वालों के सामने मारना खुद मारपीट करके नौटंकी करके मेरे खिलाफ फर्जी शिकायत भी करती रहती है। 2022 से ही मेरी पत्नी के एक दूर का रिश्तेदार नीरज मौर्या है जिनके साथ मेरी पत्नी का अवैध संबंध है। यह दोनों लोग मिलकर मेरी हत्या करवाना चाहते हैं मुझे मार कर मेरी प्रॉपर्टी और मेरा पूरा मकान हड़पना अपना चाहते हैं। मेरी पत्नी और जिससे उसका अवैध संबंध है यह दोनों लोग मुझे किसी भी तरीके से नौकरी नहीं करने दे रहे हैं। 2016 में शादी हुई उसके बाद मेरी लड़की हुई 2022 में हमने यहां गोंडा में जमीन लिया तो मेरी पत्नी ने कहा कि नीरज मौर्य को मकान बनाने का काम दे दिया जाए। मेरे दूर का रिश्तेदार है यह काम अच्छे से कर देगा तो हमने बोला ठीक है और मैंनें मकान बनाने का काम दे दिया। इसी दौरान इन दोनों लोगों ने मौके का फायदा उठाकर पैसे का लालच देकर जो भी इन दोनों लोगों के बीच प्रेम प्रसंग चला रहा। अभी 7 जुलाई 2024 को हमने इन दोनों लोगों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया।तो रात में तो इन दोनों लोगों ने मेरे साथ मारपीट करके भाग गए। अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात और घर में रखे सामान भी लेकर के दोनों लोग चले गए। और फिर यह लोग 25 अगस्त 2024 को वापस आए मेरे मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। इन दोनों लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी तो मैं डर गया। तो मैं अपनी जान बचाने के लिए बाहर जाकर किराए का मकान लेकर रहने लगा। मैंने उसे दौरान पुलिस को सूचना दी नगर कोतवाली में मुकदमा भी मेरी पत्नी माया मौर्या के खिलाफ दर्ज है।

इसके बाद मैंने इसको समझाया कि जो हो गया पुरानी बात भूल जाओ। और नीरज का साथ छोड़ दो परिवार हमारा सुधर जाएगा मेरी बिटिया का सवाल है। लेकिन इसके बावजूद यह नहीं मानी और इन्होंने पूरे मोहल्ले के सामने साथ मेरे की उसकी भी मैंनें शिकायत नगर कोतवाली में दी उसका भी मुकदमा इनके खिलाफ दर्ज है। अभी 19 मार्च को ही इसने घर में विवाद किया मेरी मां को घर में घर में रहने नहीं दे रही है क्योंकि मेरी मां की तबीयत खराब है। तो मैं अपने साथ इलाज करवाने के लिए रख रहा हूं तो आत्महत्या की धमकी दे रही है झूठे केस में फसाने की भी धमकी दे रही है और मारपीट करती है मेरे परिवार के साथ ये बहुत खराब है।

**पीड़ित सास व माया मौर्या की माँ**

पत्नी माया मौर्या की माता शोहरती ने बताया वह हमारी बेटी है वह हमेशा बोलती है हमारे दामाद को कि हम तुम को मरवा देंगे।हमेशा धमकी देती रहती है कि मरवा देंगे नौकरी भी पा जाएंगे नीरज को यहां पर लेकर के यहां पर रहेंगे। नीरज हमारे बहन के बहू का भाई है वह हमारी लड़की का एक रिश्ते से भाई भी लगता है जिससे उसका अवैध संबंध है।कल हमारी बेटी बोली थी हमारे दामाद से कि हम इनको मार करके ड्रम में भरवा देंगे मेरे दामाद का नाम धर्मेंद्र कुशवाहा है।हम चाहते हैं हमारे दामाद सुरक्षित रहें हमारे दामाद को कुछ ना हो और हमारी बेटी और उस के साथी नीरज मौर्या के खिलाफ कार्रवाई हो।हमने बहुत समझाया हमारे परिवार के लोगों ने समझाया हमारे रिश्ते दार के लोगों ने समझा वह किसी का बात नहीं मान रही है।यहीं पर हमारे दामाद के घर पर जबरदस्ती नीरज के साथ हमारी बेटी रहती है 2022 से इन लोगों का संबंध चल रहा है।नीरज ही विवाद करवा रहा है जब से वह आ या है नहीं तो कोई विवाद नहीं था यह लोग बहुत सही से रह रहे थे।हम लोगों को खुद थाना पुलिस करवा दिया है जेल भिजवा दिया है मेरे साथ मेरी बेटी ने ही मारपीट किया कहती है कि मेरे पति के बीच में आप मत पड़िये।

वही पीड़ित पति और पत्नी माया मौर्या की मां द्वारा दिए गए बयानों से आप यह अंदाजा लगा सकते हैं।कि पीड़ित पति जल निगम विभाग में तैनात जेई धर्मेंद्र कुशवाहा कि स तरीके से अपने पत्नी और उसके आशिक का प्रताड़ना सा रहा है।किस तरीके से उसकी ही पत्नी उसके साथ वाद विवाद करके उसकी हत्या करना चाह रही है।मेरठ कांड को लेकर के पत्नी द्वारा पति को दिए गए धमकी से पति काफी डरा हुआ है और उसने अब पुलिस में तहरीर देकर अपनी पत्नी और उसके आशिक नीरज के खिलाफ कार्र वाई की मांग की है।पत्नी ने अपने पति को धमकी दिया कि ज्यादा बोलोगे तो ऊपर रखे ड्रम में तुम्हें काटकर भर दूंगी वहां पर सीमेंट की बोरी भी रखी हुई है।यही नहीं प त्नी ने 2016 में शादी किया और अपने पति को विश्वास में लेकर अपने नाम से टैक्सी में चलवाने के लिए तीन गा ड़ियां भी निकलवा ली पति ने जब गाड़ियों की किस्त देक र के उसे भर दिया तो अब अपने पति की ही जान लेने पर तुली हुई है।

# अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजस्व टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## क्षति का किया आंकलन राहत सामग्री वितरित

बहराइच । उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि तहसील महसी अन्तर्गत राजस्व ग्राम पचदेवरी में 29 मार्च 2025 की रात्रि लगभग 10:00 बजे घटित अग्निकाण्ड में श्रीराम पुत्र रामनाथ, नन्द पुत्र रामनाथ, विजय पुत्र श्रीराम, सनेही पुत्र राम रतन, अनरुद्ध पुत्र सनेही व भूलन पुत्र सनेही की आवासीय झोपड़ी जलकर नष्ट हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर नियंत्रण पाया। घटना स्थल पर पहुंचे राजस्व कर्मचारियों की टीम द्वारा अग्निकाण्ड से हुए नुकसान का आंकलन किया गया तथा सभी प्रभावित परिवारों को छाया हेतु तारपोलिन व खाद्यान्न की व्यवस्था करवायी गयी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अग्निकाण्ड में किसी अन्य प्रकार की जनहानि/पशुहानि नहीं हुई है। प्रभावित व्यक्तियों को सहायता धनराशि दिए जाने हेतु आवश्यक प्रपत्र एकत्रित करके कार्यवाही की जा रही है।

# ग्राम पंचायतों में सम्मिलित हुए राजस्व ग्राम घोषित 06 वन ग्राम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । वन ग्राम में रह रहे परिवारों को मूलभूत सुविधाओं एवं समाज की मूलधारा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा तहसील-मोतीपुर (मिहींपुरवा) एवं विकास खण्ड-मिहींपुरवा के 06 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित किया गया था। राजस्व ग्राम घोषित किये गये वन ग्रामों को पूर्व से गठित ग्राम पंचायतों में सम्मिलित किये जाने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को शासन द्वारा सहमति प्रदान कर दी गई है। शासन द्वारा पूर्व से गठित ग्राम पंचायत-चहलवा में टेड़िया व ढ़किया, ग्राम पंचायत धरमपुर में राजस्व ग्राम गोकुलपुर तथा राजस्व ग्राम बिछिया व भवानीपुर को नई ग्राम पंचायत बिछिया एवं राजस्व ग्राम महबूबनगर को नई ग्राम पंचायत महबूबनगर के रूप में गठित करने के प्रस्ताव को शासन द्वारा स्वीकार करते हुए 26 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में अधिसूचित हो जाने से वहॉ निवासरत परिवारों को सरकार की सभी शासकीय योजनाओ का लाभ आदि सुविधायें प्राप्त होंगी। जिससे उनके जीवन स्तर में गुणात्मक परिवर्तन होगा।

# भावना फीकी ना होती तों किसकी हिम्मत जो महापुरुषों पर उठाता प्रश्न चिन्ह : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नगर के ठठेरी बाजार में 13 वा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश प्रदेश के प्रख्यात कवियों ने अपनी हास्य, ओजस्व व राष्ट्र के नाम कविताओं को संबोधन कर श्रोतागण को मोहित कर दिया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र सिंह व मुख्य वक्ता प्रख्यात कथा वाचक शान्तनु जी महाराज ने हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मानने को लेकर जागृति किए। भारतीय नव वर्ष समिति के तत्वाधान में नगर के ठठेरी बाजार में बीते शनिवार की शाम 13 वा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह का जिला संगठन कमिश्नर कांति सिंह के नेतृत्व में स्काउट के बच्चों ने कलर पार्टी के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष, कार्यक्रम के आयोजक द्वारा मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान संबोधित करते हुए प्रख्यात कथा वाचक शान्तनु जी महाराज ने कहा कि हमारी भारत की जो हिंदू परंपरा है वह शिर पुरातन नित्य नूतन परंपरा है, जिसके लिए हम पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। अगर हमारी जड़ मजबूत रहेगी और हम अपनी परम्परा हिन्दू नव वर्ष से जुड़े रहेंगे तभी हमारा पताका पूरे आकाश और गगन को चूमती रहेगी। वही शान्तनु जी महाराज ने आगे कहा कि भगवान राम का राज्याभिषेक आज हुआ था, शकों के आक्रमण से पूरा भारत भयाक्रांत था, भगवान विक्रमादित्य समूल शकों को नष्ट किए थे, इसलिए हम लोग गीत गाते थे, उज्जैन फिर से सुना दे, विक्रम की वह कहानी, जिसमें प्रकट हुआ था संवत हमारा, इतिहास गा रहा है दिन रात गुण हमारा, उन्होंने आगे यह भी कहा कि ब्रह्म जी ने जब सृष्टि का निर्माण किया होगा तो आज प्रथम दिन है जिस दिन सृष्टि का निर्माण हुआ। पौराणिक मान्यता के अनुसार भीषण ठंड में नव वर्ष हो ही नहीं सकता, वह व्यहारिक नव वर्ष है और आज का दिन हिंदू नव वर्ष है, हमारे जो उत्सव है दो प्रकार से जुड़े हैं या तो वह प्राकृतिक से जुड़े हैं या तो प्रभु की लीला से जुड़े हैं इसलिए भारतीय नव वर्ष इन दोनों प्रकार से ठीक बैठता है, जो जड़ों से नहीं जुड़ा रहता, जो भूत काल से नहीं जुड़ा रहता, उसका स्मरण आने वाली पीढ़ियां नहीं कर सकती, इस लिए जड़ों से जुड़ कर आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ कर जाना है। वही राणा सांगा के ऊपर बयानों को लेकर शांतुन जी महाराज ने कहा कि प्रतिकार ० प्रतिशोध और महापुरुषों के लिए हमारी भावना फीकी न पड़ी होती तो इस देश में कोई पैदा नहीं हुआ है जो महाराणा प्रताप और राणा सांगा के प्रति प्रश्न चिन्ह उठा सके, इसी क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कि 127 वर्ष शनिवार के रात बारह बजे बीत जायेगा, विक्रम संवत का 2082 युगांध संवत का 5128 वा रविवार के दिन शुरू हो रहा है आप कल्पना करिए इस वर्ष का मालिक कौन है इस वर्ष का मालिक सूर्य है भारत के लिए कितना अच्छा संयोग है कि राजा भी सूर्य है मंत्री भी सूर्य है कलियुग का 5128 वा वर्ष रविवार से शुरू होगा। इसलिए जब कल का सबेरा हो तो कल से विक्रम संवत 2082 का पूरा साल आप सभी के लिए आनंद दायक हो, उन्होंने मंत्रों उच्चारण करते हुए कहा कि हे सूर्य भगवान इतनी ताकत भारत को दे दीजिए, इतनी ताकत हमारे प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री को दे दीजिए और इतनी ताकत हमारे कुशभवनपुर के वीर सपूतों को दे दीजिए सबका ललाट चमकता रहे और आनंद की अनुभूति होती रहे और लोग आगे बढ़ते रहे। वही मीडिया के सवालों पर पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कि भारत बड़ी मजबूती के साथ खड़ा है मोदी जी के नेतृत्व में सामाजिक आर्थिक, सैन्य दृष्टि से भारत पूरी दुनिया में बड़ी मजबूती के साथ खड़ा है इस लिए भारत को कही से कोई दिक्कत नहीं है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार बलदेव सिंह व मंच का संचालन प्रीति प्रकाश ने किया। वही कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक सीता राम वर्मा, डॉ निशा सिंह, अमर नाथ सिंह , विभाग संचालक ए के सिंह, राम शंकर शर्मा, राम चंद्र मिश्रा, डॉ एम पी सिंह, करुणा शकर द्विवेदी, सीता शरण त्रिपाठी, जे पी सिंह, अमर बहादुर सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, ओम प्रकाश पाण्डेय पूर्व मंत्री, बीजेपी मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, दुर्गेश पंडित, सभासद प्रवीण मिश्रा, अजय सिंह, अरुण तिवारी, मंगरू प्रजापति, दिनेश चौरसिया, रमेश सिंह टिन्नू, अखिलेश मिश्रा, गिरीश मिश्रा, विजय जायसवाल, संजय कप्तान, अफजल अंसारी, देवानंद, सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थिति रहे ।

# आकाश आईआईटी कोचिंग सेंटर का शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में आकाश आईआईटी कोचिंग सेंटर शहर के डीएम आवास के बगल में खुलने से अब ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को अब कोटा और दिल्ली में आईआईटी, नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने की आवश्यकता नहीं होगी। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने हाल ही में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करते हुए अपना नया कोचिंग सेंटर शुरू किया है। जिसमें कक्षा 8 से 10 तक फाउंडेशन कोर्स,आई आई टी एवं नीट की तैयारी कराई जाएगी। इस सेंटर के माध्यम से अब बच्चों को बड़े शहरों में जाकर कोचिंग लेने का कोई दबाव नहीं होगा । आकाश कोचिंग सेंटर में बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा,अनुभवी शिक्षक और आधुनिक शिक्षण विधियों का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही बच्चों को उचित मार्गदर्शन और अध्ययन सामग्री प्रदान की जाएगी,जिससे वह अपनी आईआईटी, नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी में सफलता पा सकेंगे। साथ ही साथ फाउंडेशन कोर्स के माध्यम से अपनी बेसिक भी मजबूत कर सकेंगे। इस पहल से उन बच्चों के लिए एक नई उम्मीद का रास्ता खोला गया है, जो आर्थिक या अन्य कारणों से कोटा, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी जैसे बड़े शहरों में जाने का खर्च नहीं उठा सकते थे। यह सेंटर अब उन्हें स्थानीय स्तर पर ही प्रीमियम शिक्षा देने का एक बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करेगा।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के इस कदम से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को नए अवसर मिलेंगे,बल्कि इससे देशभर में समान अवसरों का विस्तार भी होगा जो उनकी शिक्षा और भविष्य को नए आयाम दे सकता है। केन्द्र प्रबंधक अमरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक 100 बच्चों ने आकाश कोचिंग सेंटर में दाखिला ले लिया है।

# शिक्षा के मंदिर में तीस रुपये के लिये छात्रा को निर्वस्त्र कर ली गई तलाशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**छात्रा की मां द्वारा फुरसतगंज पुलिस को लिखित तहरीर सौंपने के बावजूद नही दर्ज हो सका मुकदमा**

**बीएसए ने शाहगढ़ और सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपी मामले की जांच**

अमेठी । विकास क्षेत्र बहादुरपुर के एक परिषदीय विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ने वाली छात्रा को निर्वस्त्र कर तलाशी लेने का मामला सामने में आया है।छात्रा के कपड़े उतारने और जातिसूचक गाली देकर अपमानित करने का आरोप लगाया गया है।छात्रा की मां ने मामले की शिकायत जब स्थानीय पुलिस के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों से दर्ज कराई तो हड़कम्प मच गया। स्थानीय पुलिस ने उक्त मामले में कार्यवाही के बजाय लीपापोती कर डकारने में जुट गई है वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शाहगढ़ और सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच सौंपते आख्या तलब की है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा की मां का कहना है कि उसकी बेटी क्षेत्र में संचालित एक परिषदीय विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ती है। बीती सत्ताइस मार्च को वार्षिक परीक्षा के दौरान किसी छात्रा के तीस रुपये गायब होने पर शिक्षिका ने बेटी को प्रताड़ित किया।आरोप है कि शिक्षिका ने पहले बेटी के कपड़े उतरवा कर तलाशी ली बाद में पैसे नहीं मिले तो जातिसूचक गाली देकर धमकी देते हुये अपमानित किया। शिक्षिका की प्रताड़ना व धमकी के बाद बेटी डरी सहमी है। दो दिन बाद किसी तरह बेटी को समझाया बुझाया तो उसने पूरे मामले की जानकारी परिजनों को दी।शिक्षा के मंदिर में बेटी का अपमान होने के बाद शनिवार को पीड़ित छात्रा की मां ने मामले की शिकायत फुरसतगंज पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की है।आरोपी शिक्षिका ने बताया कि उन पर लगाये गये सभी आरोप गलत है। सत्ताइस मार्च को एक छात्रा के तीस रुपये खो गये थे। शिकायत के बाद उसी छात्रा ने तलाशी ली थी।कपड़े उतरवाने व गाली गलौज करने का आरोप गलत है।थाना फुरसतगंज के प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पाण्डेय ने कहा कि मामले की शिकायत मिली थी तो मामले की जांच करवाई गई लेकिन जांच में शिक्षिका पर लगे आरोप गलत मिले हैं। सिर्फ सह छात्रा की ओर से पैसा गायब होने पर तलाशी करने का मामला सामने आया है। जाति सूचक गाली देने व अन्य आरोप बच्चों के बयान में गलत मिला है। इस सम्बंध में बहादुरपुर के बीईओ राकेश सचान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। मामला छात्रा से जुड़ा होने के कारण महिला अफसर की मौजूदगी में ही जांच होनी संभव है। ऐसे में पूरे मामले की रिपोर्ट बीएसए को भेजते हुए समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि शाहगढ़ की खण्ड शिक्षा अधिकारी और सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी को उक्त मामले की जांच सौंपते हुये आख्या तलब की गई है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर ही कार्यवाही की जायेगी।

# हिन्दू महासभा ने की बैठक एवं आरएसएस की पथ यात्रा पर की पुष्प वर्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने रविवार को उर्मिल बारात घर में एक बैठक का आयोजन किया जिसके पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा आयोजित पथ संचलन का सुनगढ़ी थाने पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।उर्मिल बारात घर में आयोजित बैठक में संगठन द्वारा संगठन का विस्तार करने एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने संगठन में लोगों को जोड़ने को लेकर अपने विचार रखे। वहीं जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने बताया कि प्रत्येक नवरात्र की भांति इस वर्ष भी संगठन द्वारा 4 अप्रैल शुक्रवार को सायं 6 बजे रामलीला मैदान स्थित काली माता मंदिर पर भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि 2 अप्रैल को होने वाली भूख हड़ताल को नवरात्रि एवं ईद आदि होने के कारण अधिकारियों के इन कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण स्थगित किया गया है अब यह भूख हड़ताल 8 अप्रैल को कचहरी में की जाएगी। हिन्दू महासभा के प्रतिनिधियों ने आरएसएस के स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा करते हुए राष्ट्रीय एकता और हिन्दू संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान की सराहना की। हिन्दू महासभा के जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि यह पुष्प वर्षा संगठनों के बीच सामंजस्य और साझा उद्देश्यों को दर्शाती है। उन्होंने कहा, हम सभी का लक्ष्य राष्ट्र की सेवा और सनातन मूल्यों की रक्षा करना है। आरएसएस के साथ मिलकर हम समाज में सद्भाव बढ़ाने का प्रयास करेंगे। पथ यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें राष्ट्रभक्ति के गीत और हिन्दू एकता के नारे लगाए गए। इस अवसर पर दोनों संगठनों के नेताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, प्रेम सागर शर्मा, राहुल राठौर, प्रकाश अग्निहोत्री, सर्वेश कुमार, सुरेन्द्र उपाध्याय, विपुल पांडेय, जितेंद्र मौर्य, चेतन श्रीवास्तव, लवी सिंह, अनिल कुमार, अक्षत गुप्ता, सुभाष, अंकुर सिंह भदौरिया, राजेंद्र, हिरदेश कुमार, पवन तिवारी, अर्जुन ठाकुर, प्रमोद कश्यप, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल, नगर अध्यक्ष सुमन कश्यप, शिखा, मिथलेश, गीता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप चौक के पास में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने सपा सासंद के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर जलाया पुतला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सासंद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा को लेकर एक विवादित बयान देते हुए टिप्पणी की इसको लेकर जगह जगह लोग सड़कों पर उतर आए और सासंद को राज्यसभा से निलंबित करने की मांग कर रहे है। दरअसल पूरनपुर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने रविवार 12:00 बजे पुलिस चौकी के पास में महाराणा प्रताप चौक से सपा सासंद रामजी लाल सुमन का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए। नगरपालिका चौराहे पर पहुंचे और सासंद का पुतला दहन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा। ज्ञापन में क्षत्रिय महासभा ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रामजी लाल सुमन को पार्टी से निकालने की मांग की और पार्टी से सासंद को न निकालने पर समाजवादी पार्टी को 2027 के चुनाव में इसक परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है और राष्ट्रपति को भेजे पत्र में सासंद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने शातिर अपराधी को तमंचा के साथ भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उप निरीक्षक राजेश श्रीवास्तव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान राम सजीवन पुत्र रामअवध सरोज निवासी हरदोईया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष को ग्राम पूरब बेसारा के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज है।

## प्रभावित भूखण्ड के लिए 03 अप्रैल को प्रस्तुत करें दावा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच ने बताया कि उप मुख्य इंजी./निर्माण/सामान्य पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा जनपद बहराइच में खलीलाबाद-बहराइच नई रेलवे लाईन निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित निर्माण के भू-अधिग्रहण प्रस्ताव मे रेल अधिनियम 1989 की धारा 20ड. का प्रकाशन भारत के राजपत्र मे 03 मार्च 2025 को एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र में 20 मार्च 2025 को हुआ है। भारत के राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना में ग्राम नगरौर, परगना व तहसील बहराइच, जनपद बहराइच की भूमि प्रभावित है। उन्होंने बताया कि योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्ति कपूरथला परिसर स्थित सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 03 अप्रैल 2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना क्लेम (दावा) प्रस्तुत कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य 01 अप्रैल को करेंगी जनसुनवाई

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । मा. सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती ममता कुमारी का जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. सदस्य श्रीमती कुमारी 01 अप्रैल 2025 को विकास भवन सभागार में जनसुनवाई करेंगी, जिला कारागार, सखी वन स्टाप सेन्टर, वृद्धाश्रम एवं चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसएचओ व आईओ के साथ बैठक कर रात्रि विश्राम लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में करेंगी।

## आरएसएस स्वयंसेवको का भगवा आर्मी ने किया भव्य स्वागत

धनपतगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा निकाली प्रभातफ़ेरी का संजय नगर स्थित भगवा आर्मी के जवानों द्वारा भव्य स्वागत किया गया जिसमें कार्यकर्ताओ द्वारा फलाहार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में राजीव मिश्रा, कपिल दूबे, आनंद मिश्रा, नरेन्द्र मिश्रा, राम धीरज मिश्रा, विशाल साहू,हर्षित मिश्रा, सूरज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## गोमती मित्रों ने करके साफ सफाई, दी नव वर्ष की सबको बधाई

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगभग पूरा प्रदेश जानता है कि सुल्तानपुर के गोमती मित्र मंडल संगठन का मुख्य कार्य स्वच्छता और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है और इस कार्य के लिए गोमती मित्र वर्ष भर समर्पण की भावना से कार्य करते हैं। कहा जाता है कि वर्ष के पहले दिन जिस कार्य को आप समर्पण के साथ कीजिए उस कार्य में उस वर्ष सफलता जरूर प्राप्त होती है, इसीलिए 30 मार्च को पड़ने वाला साप्ताहिक श्रमदान जब नव वर्ष के पहले दिन पड़ा तो श्रमदान में उपस्थित सभी लोगों को 12 वर्षों से जारी तपस्या की सफलता 2025 में प्राप्त होने की पूरी पूरी संभावना दिखने लगी, सभी उत्साहित थे।

# राष्ट्रभक्ति और महापुरुषों का सम्मान ही हमारे लिए सर्वोपरि है : युवा मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भाजयुमो जिला अध्यक्ष और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने आचार्य शांतनु महराज और पूर्व मंत्री डॉ महेन्द्र सिंह को मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले और सूर्य के समान प्रतापी राजा राणा सांगा के चित्र एवं त्रिशूल भेंट किया। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को बताया कि राष्ट्रभक्ति और महापुरुषों का सम्मान ही हमारे लिए सर्वोपरि है। कुशभवनपुर की जनता के सामने आचार्य शांतनु महाराज ने हुंकार भरते हुए कहा कि इस मातृभूमि की रक्षा हेतु सर्वश्व समर्पित करने वाले महापुरुषों के बारे में अनुचित टिप्पणी करने वालों को यह राष्ट्र कभी माफ नहीं करेगा और हमारे महापुरुषों पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले विधर्मियों को अब हम सबको सबक सिखाने की जरुरत है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉक्टर महेन्द्र सिंह ने भारतीय काल गणना, नव वर्ष के महत्व और नव वर्ष पर होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीती प्रकाश ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आरएसएस के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश, जिला प्रचारक आशीष, विभाग संघ चालक डॉ ए के सिंह, जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप, नगर पालिका चेयरमैन, युवा मोर्चा से सुधांशु, अतुल, शौर्यवर्धन, शानू, दीपक आयुष, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

## माहौर वैश्य समाज के अध्यक्ष अनूप गुप्ता व मीडिया प्रभारी बने सचिन गुप्ता

पूरनपुर।नगर के एक होटल में माहौर वैश्य समाज की बैठक का आयोजन किया गया है ।इसमें समाज के बारे में कई बिंदुओं पर चर्चा कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अनूप गुप्ता को अध्यक्ष व राजेन्द्र गुप्ता राज एडध को महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता,विकास गुप्ता ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,चंद्रेश गुप्ता , मयंक गुप्ता,अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष रामऔतार गुप्ता ,मंत्री रोहित गुप्ता, पंकज गुप्ता,लवी गुप्ता, धीरज गुप्ता,रानू गुप्ता,मीडिया प्रभारी सचिन गुप्ता ,कार्यकारणी सदस्य सुमित गुप्ता,विकास गुप्ता,अमित गुप्ता,श्याम गुप्ता,लक्ष्य गुप्ता शौर्य गुप्ता,अरविन्द गुप्ता, दिलीप गुप्ता,रजत गुप्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई इस दौरान अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कहा कि जिले में माहौर वैश्य समाज बहुसंख्यक है जो सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्रों मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# चेयरमैन ने पुत्र के साथ मुख्यमंत्री से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शहर के विकास के लिए जो बजट आवंटित किया उसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के पुत्र स्वास्तिक ने मुख्यमंत्री को एक चित्र भी भेंट किया है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से शहर के विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र के विकास के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने का आश्वासन दिया है।विकास कार्य के लिए प्रस्ताव आएंगे या किसी बड़ी परियोजना के लिए प्रस्ताव आएंगे उन्हें शासन द्वारा शीघ्र स्वीकृत कराया जाएगा जिससे कि पीलीभीत शहर का विकास हो सके।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल के बेटे स्वास्तिक द्वारा बनाए गए योगी आदित्यनाथ के चित्र को काफी सराहा है।

# शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया हिन्दू नववर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। वि0खँ0 धनपरगंज अंतर्गत, हिन्दू नववर्ष को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हुए आर एस एस स्वयंसेवको ने रैली निकाली । जगह जगह फलाहार का आयोजन किया।कार्यक्रम का समापन कर घर घर भगवा फहराने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खारा स्थित फूलकली रघुनाथ विद्यालय बाबा खरकपान से करते हुए स्वयंसेवक पूर्व भाजपा जिलामंत्री बलराम मिश्रा ने कहा कि हिन्दू नववर्ष के अवसर पर हिंदू समाज आज 19 करोण 68 लाख 53हजार 126वे साल में प्रवेश कर रहा है। आज ही के दिन महाराजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ था ।आज से ही हमारे सभी शुभ कार्यो की शुरुआत हो रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जमुना प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन हमारे लिये गौरव का दिन है ।आज ही के दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था और आर एस एस के प्रथम सरसंघचालक हेडगेवार का जन्मदिन भी इसी दिन मनाया जाता है। स्वयंसेवक जनार्दनजी महाराज ने कहा कि हर हिन्दू परिवार अपने अपने घरों में भगवा फहराकर हिन्दू नववर्ष आदि अनादि काल से पर्व की तरह मनाता आ रहा है।खारा से शुरू प्रभातफ़ेरी राम नगर,हरौरा, पीरो सरैया , देहली बाजार ,धनपतगंज, होते हुए संजय नगर में समाप्त हुई। इस अवसर पर जगह जगह हिन्दू स्वयं सेवकों द्वारा फलाहार का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर डॉक्टर बलराम मिश्रा, जमुना जी, हेमंत सिंह ,त्रिनेत्र पाण्डेय प्रतिनिधि ब्लाकप्रमुख धनपतगंज ,विनय सिंह ,जनार्दन जी महाराज,कृपाशंकर मिश्रा ,चन्द्रकेश सिंह,राधेरमण दूबे, चन्दन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# फिर कांपी धरती

शुक्रवार को म्यांमार केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे। दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता।जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की लंबी कतारें देखी गई हैं। वहीं 2021 से सैन्य शासन के अधीन और गृहयुद्ध से जूझता म्यांमार इस प्राकृतिक आपदा के बाद हताश नजर आया। इंटरनेट का प्रयोग सीमित होने से वहां की स्थिति जानने में दिक्कत आ रही है। पहली बार सैन्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की अपील की है। प्रधानमंत्री ने भूकंप पीड़ितों की मदद के लिये अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई को कहा है। म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से भी ऐतिहासिक रॉयल पैलेस व अन्य बिल्डिंगें गिरती नजर आई हैं। मांडले को राजधानी से जोड़ने वाली सड़कों में चौड़ी दरारें देखी गई हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे समेत जर्मनी व चीन की भूकंप पर नजर रखने वाली संस्थाएं भारी जन-धन के नुकसान की आशंका जता रही हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर नीचे होना बता रहे हैं। खबरें हैं कि म्यांमार की राजधानी नेपिडो में भी काफी क्षति हुई है। लोग भूकंप के ऑफ्टर शॉक के भय से खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं म्यांमार व थाईलैंड के अलावा इस भूकंप के झटके दक्षिण पश्चिम चीन के यून्नान प्रांत में महसूस किए गए। हालांकि, थाईलैंड में बड़े भूकंपों का इतिहास नहीं रहा है, लेकिन म्यांमार के भूकंप फॉल्ट लाइन पर होने के कारण भूकंप पहले भी आते रहे हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार वर्ष 1930 और 1956 के बीच देश के मध्य से गुजरने वाले सागैंग फॉल्ट के पास रिक्टर स्केल पर सात तीव्रता के छह भूकंप आ चुके हैं। निस्संदेह, पड़ोसी देश म्यांमार में आया भीषण भूकंप भारत के लिये भी चेतावनी है। देश में भूकंपरोधी निर्माण अनिवार्य करने और आपदा-राहत तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी प्रयासों के अलावा लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है।

# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

**31 मार्च पर विशेष**

**राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देवभूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। लेकिन सभी आयु वर्ग की विवाहिता महिलायें भी गणगौर की पूजा करती हैं राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हों, गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती हैं। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती हैं । उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है।**

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देवभूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। लेकिन सभी आयु वर्ग की विवाहिता महिलायें भी गणगौर की पूजा करती हैं।राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हों, गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती हैं। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती हैं । उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं कि इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैंः-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैंः-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती हैं एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैंः- म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो, ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैंः-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैंः-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं, उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ॠतु की विदाई व ग्रीष्म ॠतु की शुरुआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। ''सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे''। गणगौर महिलाओं का त्योहार माना जाता है, इसलिए गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है। गणगौर के पूजन में प्रावधान है कि जो सिंदूर माता पार्वती को चढ़ाया जाता है, महिलाएं उसे अपनी मांग में सजाती हैं। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी पवित्र सरोवर या कुंड आदि में इनका विसर्जन किया जाता है। आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखें। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है, जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं।अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# अमेरिका के पलटने से वैश्वीकरण का सपना टूटा

**जगदीश रत्नानी**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी नीति में और अधिक बदलाव का संकेत देने वाले एक महत्वपूर्ण भाषण में वैश्वीकरण की नीति को खारिज कर दिया है। उन्होंने उस विचार प्रणाली पर भी हमला किया है जिसने अमेरिकी कंपनियों को आउटसोर्स सुविधाओं में आप्रवासियों और सस्ते श्रम से लाभ कमाने में सक्षम बनाया है। भाषण का फोकस अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी उत्पाद डिजाईनों को त्यागने और लागत बचाने के लिए कहीं और उत्पादित उत्पादों को अपनाने के कारण अमेरिकियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा । वेंस ने चीन का नाम तीन बार लिया लेकिन भारत का नहीं। फिर भी, ऑफशोरिंग की बुराइयों पर जोर देने से इसमें कोई संदेह नहीं रह गया कि भारत के सॉफ्टवेयर और संबंधित सेवाओं को इस तर्क के व्यापक विषय से बाहर नहीं रखा गया था। भारत ने वर्ष 2023-24 में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निर्यात किया जिसमें से आधे से अधिक अमेरिका को किया गया है। ट्रम्प पहले भी भारतीय कॉल सेंटरों का मजाक उड़ा चुके हैं जिनमें से अधिकांश यूएस-आधारित ग्राहकों की सेवा करते हैं लेकिन पहले ही एआई-संचालित समाधानों की बढ़ती तैनाती के कारण एक अलग खतरे में हैं। उपराष्ट्रपति वेंस 18 मार्च को उद्यम पूंजी फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज द्वारा आयोजित एक तकनीकी कार्यक्रम अमेरिकी गतिशीलता शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय हित के लिए काम करता हैय और इस संदेश के साथ 2025 की बैठक को बढ़ावा दिया गया कि श्यह अमेरिका के निर्माण करने का समय है। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि वेंस की नीति तत्काल कैसे चल सकती है और अगर यह एक जटिल और बेहद कुशलता से काम करने वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखला को उजागर करने का एक यथार्थवादी उद्यम हैश तो भारतीय संदर्भ में कई दिलचस्प बातें सामने आ खड़ी होती हैं। पहली तो यह कि, भारत अब चीनी मॉडल की नकल करके विनिर्माण केंद्र बनाने या बनने की उम्मीद नहीं कर सकता। फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को अपने कारखानों को भारतीय साइटों पर लाने और अमेरिकी बड़ी कंपनियों के लिए निर्माण करने वाली बात पीछे छूट रही है। उस तरह के विनिर्माण आधार के निर्माण का खेल इसकी समाप्ति तिथि से आगे निकल चुका है। यहां तक कि यदि भारत इस नीति को जारी रखता है तो भी वह यह खेल के निचले सिरे तक ही सीमित रहेगा। वह भी ऐसी जगह जिसे चीन ने इस श्रृंखला में कुछ ज्यादा पाने के लिए पीछे छोड़ दिया था। उदाहरण के लिए, आंकड़ों के मुताबिक चीन में 2009 में आईफोन 3 जी की असेंबली के लिए कुल मूल्य केवल 6.5 अमरीकी डालर या उस मॉडल के लिए सामग्री के बिल का 3.6 प्रतिशत था। यह केवल फॉक्सकॉन द्वारा असेंबली के लिए था। एक दशक बाद 2018 में आईफोन एक्स के लिए यह 104 अमरीकी डालर या सामग्री के बिल का 25.4 प्रतिशत तक पहुंच गया क्योंकि चीन बहुत धीरे-धीरे आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत हो गया और बैटरी, फ्रेम तथा कैमरा मॉड्यूल जैसे कई (गैर-कोर) भागों की आपूर्ति की। यह डेटा टोक्यो के नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज के युकिंग जिंग की रिपोर्ट से है। वेंस के विरोध का एक कारण मूल्य श्रृंखला में चीन का ऊपर जाना भी है, जबकि अमेरिका इस बात से नाखुश है कि वैश्वीकरण ने अमेरिका से नौकरियां छीन ली हैं। (मूल्य श्रृंखला व्यवसायों के लिए रणनीतिक योजना का एक अभिन्न अंग है। मूल्य श्रृंखला किसी उत्पाद या प्रक्रिया के पूरे जीवनचक्र को संदर्भित करती है , जिसमें सामग्री सोर्सिंग, उत्पादन, खपत और निपटान-पुनर्चक्रण प्रक्रियाएं शामिल हैं।) अमेरिका इस बात से भी असहज है कि इस प्रक्रिया ने उन देशों को लाभान्वित किया है जहां उत्पादों या सेवाओं का निर्माण होता है। दूसरे शब्दों में अमेरिका स्वीकार कर रहा है कि वैश्वीकरण केवल अमेरिकी हितों की सेवा के लिए था और विनिर्माण केंद्रों के लिए काम नहीं करने वाला था। वेंस ने इसे कई शब्दों में कहा- श्हमने माना कि अन्य राष्ट्र हमेशा मूल्य श्रृंखला में हमारा पीछा करेंगे लेकिन यह पता चला है कि जैसे-जैसे वे मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर बेहतर होते गए उन्होंने भी ऊंचे स्तर (इसमें प्रीमियम, अपस्केल, शानदार, टॉप-ऑफ-द-लाइन और उच्च-गुणवत्ता शामिल हैं ) पर पकड़ना शुरू कर दिया। हम दोनों सिरों से निचोड़े गए थे।

## सेहत मंत्र

# रोजाना जरूर खाएं एक आँवला मिलेंगे गजब के फायदे

आंवले का मुरब्बा, अचार और चटनी अमूमन हर घर में बनाया जाता है। आंवला कई औषधीय गुणों की खान है और यही वजह है कि हमारी दादी-नानी हमें बचपन से किसी न किसी रूप में आंवला खिलाती आई हैं। आंवले में विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आंवला हमारी सेहत के साथ-साथ हमारी त्वचा और बालों के लिए भी टॉनिक का काम करता है। नियमित रूप से आंवले का सेवन करने से कई बीमारियों से बचाव होता है और हमारी त्वचा और बाल भी हेल्दी रहते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी आंवला बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले में क्रोमियम नामक तत्व मौजूद होता है जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। आंवले में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में जमा हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इससे चेहरे पर मुहांसों की समस्या दूर होती है और चेहरे पर प्राकृतिक निखार आता है। जिन लोगों को पेट की परेशानी होती है उनके लिए आंवला रामबाण की तरह काम करता है। आंवले में मौजूद फाइबर पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है, जिससे पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिलता है। रोजाना एक आंवले के सेवन से कब्ज, गैस और अपच जैसी पेट की बीमारियां दूर होती हैं। आंवला हमारे बालों के लिए भी टॉनिक की तरह काम करता है। आंवले के सेवन से बाल मजबूत और घने बनते हैं। आंवले के नियमित इस्तेमाल से बालों में रूसी से लेकर बाल झड़ने तक की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। आंवले के सेवन से शरीर की इम्युनिटी मजबूत होती है। आंवला विटामिन सी का काफी अच्छा स्त्रोत है। रोजाना एक आंवले का सेवन करने से सर्दी-खांसी में राहत मिलती है और मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।

## धर्म मंत्र

# शनिवार को करें पीपल के पेड़ की पूजा, दूर होगा हर कष्ट

ज्योतिषशास्त्रों के अनुसार शनिदेव को न्याय का देवता मन जाता है। शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव व्यक्ति को उसके कर्मों के हिसाब से फल देते हैं। यदि किसी की कुंडली में शनि की प्रतिकूल दृष्टि पड़ रही हो तो व्यक्ति को जीवन में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिषशास्त्र में शनि के दोष को कम करने के लिए बहुत से उपाय बताए गए हैं। ज्योतिशास्त्र के अनुसार पीपल के पेड़ के उपाय करने से शनि दोष समाप्त होता है। हिन्दू धर्म में पीपल के पेड़ का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार पीपल के पेड़ में त्रिदेव का वास होता है। पीपल के पेड़ की पूजा करने से जीवन की परेशानियां हल होती हैं। आज के इस लेख में हम आपको पीपल के पेड़ के कुछ ऐसे अचूक उपाय बताएंगे जिनसे शनि दोष दूर होगा और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहेगी शनिवार के दिन पीपल के पेड़ को दोनों हाथों से स्पर्श करके सात परिक्रमा करें। परिक्रमा करते समय ''? शं शनैश्चराय नमः'' का जप करें। ऐसा करने से शनि की साढ़ेसाती और शनि की ढैय्या या अन्य दोष समाप्त होते हैं। शनिदेव को नियमित रूप से स्पर्श करने से जीवन की सभी परेशानियां दूर होती हैं और घर में लक्ष्मी का वास होता है। अगर आपके कार्य बनते-बनते बिगड़ जाते हों और या किसी काम में अड़चन आ रही हो तो पीपल के पेड़ के नीच बैठकर हनुमान चालीसा का पथ करें। ऐसा करने से संकटमोचन की कृपा से आपके जीवन में सभी बढ़ाएं दूर होंगी।

## पर्यटन



# बर्लिन: अतीत में लिपटा एक आधुनिक शहर

बर्लिन के टेगेल हवाई अड्डे पर विमान के उतरने भर की देर थी कि कुछ ही देर में एयरोब्रिज उसके सीने से आ जुड़ा और चंद मिनटों में ही हम भी बाहर थे। मगर बाहर तो एयरोब्रिज से निकले थे। अब हैरानगी इसे लेकर थी कि मुश्किल से तीस मीटर चलने के बाद ही हम हवाईअड्डे से भी बाहर पहुंच चुके थे! इससे पहले कि कुछ समझ में आता, हमारी टैक्सी भी सामने थी। मुस्तफा ने मेरे हाथ से लगेज लिया, डिक्की में लादा और हमारी मंजिल की तरफ लेकर चल पड़ा। करीब डेढ़ सौ किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती मर्सिडीज की सवारी करते हुए हमारा दिमाग इसी सवाल से गुत्थमगुत्था था कि दुनिया के आधुनिकतम कहलाने वाले शहरों में शुमार बर्लिन का एयरपोर्ट इतना छुटका कैसे हो सकता है? मुस्तफा ने इस राज पर से पर्दा उठाते हुए बताया कि टेगेल की बनावट षट्कोणीय है, जिसकी वजह से कई बार विमान और सड़क की दूरी मामूली ही बचती है। सुविधा के मामले में इसका कोई तोड़ नहीं हो सकता। यह तो पहली ही शाम थी, अभी हमें ऐसे ही और भी कई आश्चर्यों से रूबरू होना था। बर्लिन के क्रिसमस बाजारों से मिलने इस तरफ चले आए थे। सुना था कि यूरोप में क्रिसमस की धड़कनें देखनी हों, तो जर्मनी एक बार जरूर आना चाहिए। पॉल-रॉबेसन स्ट्राबे पर हमारा एयरबीएनबी बुक था और यहां तक पहुंचने में करीब 20 मिनट लगे। हवाईअड्डे से चले थे, तो आसमान पर बादलों के साए जमा थे। जब यहां पहुंचे तो बूंदाबांदी शुरू हो चुकी थी। एक तो रात का वक्त, अनजाना शहर और उस पर बारिश के उन छींटों में भीगते हुए सामने इंडियन रेस्टोरेंट से अपने अड्डे की चाबी भी लेनी थी। इस बीच, मुस्तफा को हम विदा कर चुके थे। चौथी मंजिल पर हमारा अपार्टमेंट था, जिस तक पहुंचने की लिफ्ट का वजूद हमें कहीं नहीं दिखाई दिया। थकान खास नहीं थी और यूरोप में घुमक्कड़ी की आदतों के चलते लगेज भी ज्यादा नहीं था, तो भी सीढ़ियों पर सांस फुलाते हुए चढ़ना अखरा था। बहरहाल, अपना घर देखकर मन झूम उठा। दो बेडरूम, एक बड़ा-सा लिविंग रूम, किचन, बॉलकनी और इन सबको आपस में जोड़ने वाला गलियारा मस्त था।

# ट्रेनों के ठहराव , जाम से निजात हेतु बाराबंकी क्रासिंग पर बने ओवरब्रिज , चेयरमैन आलोक तिवारी ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## आलोक तिवारी के आग्रह पर मंत्री सतीश शर्मा ने कहा, हैदरगढ़ के विकास में पूरा सहयोग रहेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । नगर पंचायत के विकास के अलावा यहां की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से मुलाकात की उन्होंने एक ज्ञापन सौंप कर शासन तक स्थानीय मुद्दे पहुंचाने का आग्रह किया जिस पर सतीश शर्मा ने समस्याओं का निस्तारण कराने हेतु भरोसा दिलाया । जानकारी के अनुसार नगर के विकास हेतु अध्यक्ष आलोक तिवारी खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से मिले । चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा दिए ज्ञापन के अनुसार हैदरगढ़ को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये हैदरगढ़ बाराबंकी भिटरिया मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराये जाने की अति आवश्यकता है इसके अलावा हैदरगढ़ नगर में जाम से निजात हेतु बायपास रास्ता लिल्हौरा माइनर पटरी से जासेपुर नहर पटरी तक सडक का निर्माण कराये जाने की आवश्यकता है।

दिए गए ज्ञापन के अनुसार हैदरगढ़ डिपो पर जो उपनगरीय बसें पूर्व में हैदरगढ़ से लखनऊ के लिये संचालित होती थी वर्तमान में बन्द है उन्हें पुनः संचालित किया जाय तथा लखनऊ से गंगागंज तक इलेक्ट्रिक बसें चलती है जिसे हैदरगढ़ तक संचालित किया जाये जिससे यात्रियों को सुविधा बढ़ने के साथ-साथ परिवहन परिवहन विभाग की आय में वृद्धि होगी । इसी क्रम हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन जिसका चयन अमृत योजना में हो चुका है पूर्व में जो ट्रेने चलती थी जैसे वरुण एक्सप्रेस बन्द हो गयी है महोदय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये शटल एक्सप्रेस बेगमपुर एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, हिमगिरि एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर करवा जाने हेतु आवश्यक पत्राचार एवं कार्यवाही करने की कृपा करे । आलोक तिवारी द्वारा मांग के क्रम में हैदरगढ नगर पंचायत में राजकीय बालिका इण्टर कालेज जो मा0 राजनाथ सिंह के द्वारा बनवा गया था, जिसे महाविद्यालय का दर्जा दिलाये जाने की कृपा करें जिससे क्षेत्र की बेटियों की उ शिक्षा प्राप्त हो सके। आलोक द्वारा मांग पर राज्य मंत्री द्वारा शासन तक बात रखने और समस्याओं के निजात दिलाने का भरोसा दिलाया । इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी '' लंबरदार '' सभासद प्रत्याशी हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा , विनोद शुक्ला आदि मौजूद थे ।

> मेरा प्रयास हैदरगढ़ का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए मै आज माननीय राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा से मिला पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया है जिसपर मंत्री जी द्वारा मांग पत्र पर शासन को पत्राचार करने की बात कही गई।
> आलोक तिवारी
> अध्यक्ष नगर पंचायत हैदरगढ़

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। सिरौली गौसपुर क्षेत्र के पंजरौली चौराहा पर स्थित स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों का मन मोह लिया है। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सुंदरलाल दीक्षित इंटर कॉलेज के प्रबंधक राकेश दीक्षित ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने मनमोहन प्रस्तुत किया कर तालियां बटोरी। नृत्य संगीत और देशभक्ति कविताएं भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर आनंद इंडस्ट्रीज के संचालक आशीष वर्मा सोनू वर्मा वीरेंद्र वर्मा विद्यालय के प्रबंधक आनंद वर्मा भाजपा नेता बलवंत प्रजापति सहित सैकड़ो के संख्या में लोग उपस्थित रहे

## वांछित ने की आत्महत्या, सवालों के घेरे में रास घाट पुलिस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एनडीपीएस एक्ट के दो मुकदमों में वांछित 48 वर्षीय दिवाकर मिश्रा ने रविवार को अपने बंद पड़े एक मकान के अंदर फांसी लगा ली परिजन उन्हें रस्सी से उतारकर इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। क्षेत्रीय जन प्रिय नेता राज्य मंत्री सतीश शर्मा व ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। स्थानीय गांव वासी सूत्रों के मुताबिक सोमवार को दिवाकर मिश्रा का 14 वर्षीय पुत्र अनुराग मिश्रा अपने घर से एक लाल बैग में करीब 50 लाख कीमती जेवरात उठाकर मऊ गोरपुर में अपने मित्र के पास मिलने गया था। जहां पर दिवाकर ने अपने परिजनों व कुछ लोगों के साथ उसकी पिटाई की थी। आरोप है कि दिवाकर उन लोगों को लेकर कोटवा सड़क चौकी प्रभारी से मिला था। यहां से सभी को कोतवाली ले जाया गया।इसी बीच जेवरातों से भरा बैग गुम हो गया।पुलिस ने अरनव की तहरीर पर लाल बैग में चरस होने की बात पर दिवाकर के साथ ही अन्य लोगों पर एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर दिया था। ग्मेंरामीण अंचल में अफवाह है कि 50 लाख के जेवरात गायब होने के सदमे में था। इधर अपने पर कार्यवाही के बाद पुलिसकर्मी बौखलाए हुए हैं। चौकी प्रभारी द्वारा उत्पीड़न से त्रस्त होकर तो यह कदम उठा लिया। दिवाकर मिश्रा द्वारा आत्महत्या की घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। सत्यता तो किसी अन्य एजेंसी की जांच से ही उजागर होगी। फिलवक्त रामसनेही घाट पुलिस सवालों के घेरे में है।

## बाग में लगी आग, ब्रिगेड कर्मियों की तत्परता, फसलें सुरक्षित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ताशीपुर गांव स्थाथित एक बाग में रविवार को अचानक आग लग गई। आग बाग के जंगल वाले हिस्से में शुरू हुई।ग्रामीणों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे। आग ने खजूर समेत कई पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया था। शिवनाथ सिंह की बाग होना बताया गया। सहयोग या ईश्वर गति की पास पड़ोस गेहूं की फसल सुरक्षित बच गई।

## ई रिक्शा चालक की दुर्घटना में मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना के क्षेत्र के भगौली निवासी ई-रिक्शा चालक चंदन यादव 45 वर्ष शनिवार रात्रि को बड्डूपुर से अपने घर वापस लौट रहा था।कुंआ डांणा गांव के निकट अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में चंदन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।भगौली चौकी इंचार्ज कालिका प्रसाद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## व्रतोत्सव निर्णायिका विक्रम संवत 2082 का विमोचन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंदिर श्री गोपीनाथ राधा रमन जी महाराज में नव संवत्सर के शुभ अवसर पर ''व्रतोत्सव निर्णायिका'' विक्रम संवत 2082 का भव्य विमोचन वैष्णवाचार्य गोपी जीवन गोस्वामी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस धार्मिक पत्रिका में विशेष पर्व, जयंती, एकादशी, संक्रांति सहित वार्षिक फल,चौघड़िया मुहूर्त, विवाह मुहूर्त तथा मंदिर में मनाए जाने वाले उत्सवों का विस्तृत विवरण उपलब्ध है।व्रतोत्सव निर्णायिका में नवग्रह पूजन, संक्षिप्त हवन विधि, पूर्णाहुति मंत्र, चारों धाम एवं ज्योतिर्लिंगों का वर्णन, शनि मंत्र तथा जीवनोपयोगी स्रोतों का संकलन किया गया है। इस अवसर पर वैष्णवाचार्य गोपी जीवन गोस्वामी ने कहा, ''जिस प्रकार वेद अपौरुषेय माने जाते हैं, उसी प्रकार सनातन धर्म भी सृष्टि के प्रारंभ से ही परम प्राचीन एवं कल्याणकारी है। धर्म के आचरण से इस लोक एवं परलोक, दोनों में सुख और मोक्ष की प्राप्ति होती है।कार्यक्रम में श्याम बाबू, श्री भगवान सभा, गायत्री गीता महेश्वरी, देवी लक्ष्मीकांत शर्मा, सोनिया शोभित बाजपेई सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। वैष्णवाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णायिका जनमानस को धर्म के पथ पर अग्रसर करेगी एवं भौतिकवाद के युग में काम, क्रोध, लोभ और मोह से निवृत्ति दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। ''श्रद्धा और विश्वास बनाए रखें,'' इस आशीर्वाद के साथ उन्होंने उपस्थित भक्तों को संबोधित किया।व्रतोत्सव निर्णायिका विक्रम संवत 2082 का निशुल्क वितरण किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

# नव संवत्सर नवरात्रि के उपलक्ष में मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिकित्सकों ने लिया सेवा धर्म का व्रत

बाराबंकी। नव संवत्सर के पावन मौके पर जिलेभर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित हुए। शिवालय देवीमदिरों में कुर्वन्तु सर्वे मम शुभप्रभातम् की मंशा लेकर पूजन अर्चन की। वहीं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन शाखा बाराबंकी के पदाधिकारी चिकित्सकों द्रवारा परहित धर्म अंगीकृत कर दरिद्र नारायण की सेवा का व्रत लिया गया। संगठन के जिला महासचिव डॉ.रोहित प्रसाद के मार्गदर्शन में आज* नवसंवत्सर 2082, नवरात्रि के प्रथम दिवस एवं आदि सरसंघचालक पूज्य डॉ हेडगेवार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'एनएमओ चिकित्सा सहायता संघ' का गठन किया गया। यह संघ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों का संगठन है। जो लावारिस एवं गरीब मरीजों के इलाज में पूरी सहायता करेगा तथा जिस मरीज को विशेषज्ञ सलाह, जांच एवं इलाज की जरूरत होगी उन्हें सहायता उपलब्ध कराएगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता हेतु इच्छुक मरीज संघ के जिला संयोजक अभिषेक बाजपेई अथवा सहसंयोजक जितेंद्र शर्मा से संघ के हेल्पलाइन नंबर 8004450777 पर 24 गुणा 7 घंटे फोन करके सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इस संगठन में शामिल चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल सदस्यों की सूची इस प्रकार है-- अभिषेक बाजपेई संयोजक व जितेंद्र शर्मा सहसंयोजक फिजिशियन- डा रंजय गुप्ता, डॉ आनंद जायसवाल सर्जन- डॉ रोहित प्रसाद ऑर्थो सर्जन -डॉ अमित वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ- डॉ अनुपमा टिबड़ेवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ संजीव साहू मनोचिकित्सक -डॉ आरती यादव डा नूपुर, डा स्वाति शैली फिजियोथैरेपिस्ट मनीष सिंह एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड- बृजेश श्रीवास्तव नाक कान गला- संदीप गुप्ता चर्म रोग- दीपक वर्मा फार्मेसी- सुधाकर वर्मा पैथोलॉजी- आनंद शुक्ला।जिला महासचिव डॉ रोहित प्रसाद ने बताया कि यह संगठन लावारिस एवं गरीब मरीजों के इलाज में पूरी सहायता करेगा।

# कुर्सी क्षेत्र में किसान खेतों जला रहे हैं पराली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निदूरा बाराबंकी। कृषि विभाग और प्रशासन के लाख समझाने के बावजूद कुछ किसान खेतों में फसल के अवशेष जलाने से बाज नहीं आ रहे। विकास खंड क्षेत्र के निंदूरा गांव में बजरा भवानी गेट के सामने लखनऊ महमूदाबाद सड़क किनारे के खेत के पास वाले खेत में रविवार शाम एक किसान ने फसल काटने के बाद अवशेष को एक जगह इकट्ठा करके उसमें आग लगा दी और पास में बैठा आग की बड़ी बड़ी लपटों को देखता रहा जबकि चारों तरफ के खेतो में फसल तैयार खड़ी थी ऐसे में अगजनी की कोई घटना भी हो सकती है। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल से संपर्क करने की कोशिश की गई परन्तु बात न हो सकी।

## अपर जिलाधिकारी ने किया मिलेट्स स्टोर का उद्घाटन

हरदोई। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, हरदोई की प्रेरणा से स्वास्थ्यवर्धक श्री अन्न मिलेट्स उत्पाद अधिकारियों/कर्मचारियों एवं आमजन को सहजता से उपलब्ध कराने हेतु मिलेट्स स्टोर की स्थापना कलेक्ट्रेट परिसर हरदोई में की गयी है। मिलेट्स स्टोर का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने फीताकाट कर किया । मिलेट्स स्टोर के पोप्राइटर श्री त्रिपाठी ने बताया कि मिलेट्स स्टोर में उत्तम कोटि के श्रीअन्न द्वारा निर्मित कुकीज, नमकीन, फ्लैक्स, पोहा एवं स्वादिष्ट बेकरी उत्पाद गुणवत्तापूर्ण मिठाई बिक्री हेतु उपलब्ध होती रहेगी। संयुक्त कृषि निदेशक ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित लोगों को बताया कि श्री अन्न (मिलेट्स) से बने उत्पाद स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। मिलेट्स में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है।

## कोतवाली क्षेत्र के गांव में किशोरी को लेकर युवक फरार मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाले ग्रामीण ने रविवार 1:30 पर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 29 मार्च की शाम को सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। आरोप है कि उसकी नाबालिग पुत्री को कौशल पुत्र भगवानदास बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का कौई सुराग नहीं लग सका। ग्रामीण ने मामले में पुलिस से शिकायत कर पुत्री को बरामद करने और आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## मौहल्ला चौक में सर्राफा व्यापारी ने गिरवी रखे सोने चाँदी के जेवर देने से किया मना मुख्यमंत्री से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई के रहने वाले लोकराम पुत्र हरीराम ने रविवार 2 बजे बताया कि पूरनपुर नगर के मोहल्ला चौक में स्थित सर्राफ व्यापारी के याह कॉविड-19 कोरोना काल के समय 5 सोने की मोहरें वजन 40 ग्राम व सोने के झाले वजन 3.10 मि0ग्रा0 एवं चांदी की कंधनी वजन 500 ग्राम जिसको कोरोना काल में अपनी वक्ती जरूरत पर उक्त सर्राफा व्यापारी के यहा 95 हजार रुपए में 1 रूपया प्रति सैकड़े की दर से गिरवीं रखे थे। जिसका ब्याज ग्रामीण के द्वारा लगातार जमा किया जा रहा है। पीड़ित ग्रामीण माह अप्रैल 2024 में गिरवीं रखा जेबर छुडाने के लिये रूपये लेकर उक्त सर्राफा व्यापारी के यहा गया तब उक्त व्यापारी ने 15 दिन बाद आने को कहा उसके बाद से उक्त सर्राफा व्यापारी टालमटोल कर रहा है। ग्रामीण एक माह बाद फिर गया और अपना गिरवीं रखा जेवर मांगा तब उक्त सर्राफा व्यापारी ने उसको गन्दी गन्दी गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी कहा कि अगर दुबारा दुकान पर दिखाई दिया तो तुझे जान से मरवा देंगे और किसी को पता भी नहीं चलेंगा। उक्त सर्राफा व्यापारियों द्वारा टाल मटोल करने से प्रतीत होता है। कि उक्त सर्राफा व्यापारी की नियत में खोट आ गई है।

# शारदा पर तटबंध व भूमिधरी अधिकार दिलाने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## भाजपा नेता मनजीत सिंह ने भूपेंद्र चौधरी से मिलकर दोनों ही मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की

पीलीभीत। भाजपा नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु समिति मनजीत सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शारदा नदी पर तटबंध बनाने एवं भूमिधरी का अधिकार दिलाने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने, जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर में पड़ने वाली शारदा नदी पर तटबंध बनाने व उत्तर प्रदेश के सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, रामपुर, बिजनौर और शाहजहांपुर में भारत पाकिस्तान बंटवारे के समय से आए सिख समाज के विस्थापित परिवारों व पूर्वांचल के कई जिलों कुशीनगर देवरिया आजमगढ़ बलिया सहित कई जिलों से पीलीभीत लखीमपुर खीरी में बसे 25 कॉलोनियों की जनता की जमीन को भूमिधरी का अधिकार दिलाने की मांग रखी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उक्त मांगों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर तराई क्षेत्र के सात जिलों की विस्थापित सिख व पूर्वांचल के परिवारों की भूमि को भूमिधरी का अधिकार दिलवाने व पीलीभीत व लखीमपुर खीरी में पढ़ने वाली शारदा नदी के दाएं किनारे पर 76 व शारदा नदी के बाएं किनारे पर 70 किलोमीटर तटबंध बनाने के लिए पत्र उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को लिखकर उक्त दोनों मांगों पर शीघ्र से शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। सिंचाई बंधु समिति के पूर्व उपाध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि अगर शारदा नदी पर तटबंध बन जाएगा तो किसानों की कटी हजारों एकड़ भूमि किसानों को वापस मिल जाएगी क्योंकि शारदा में अधिक बालू होता है। अगर उत्तर प्रदेश सरकार बालू का पट्टा कर देगी और शारदानदी मे अगर खुदान हो जाएगा तो सरकार को राजस्व मिलेगा और शारदा अपने स्थान पर बहने लगेगी। श्री सिंह ने आगे कहा की तराई क्षेत्र के साथ जिलों के सिख परिवार व पूर्वांचल के परिवार पिछले काफी दिनों से भूमिधरी का अधिकार न मिलने के कारण परेशानियां झेल रहे हैं, उन्होंने आशा जताई कि उत्तर प्रदेश सरकार इन दोनों मांगों को शीघ्र से शीघ्र पूरा करेगी।

# जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल की पहल से मुसहर समुदाय के 137 परिवारों का बनेगा आशियाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति में लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

देवरिया / देवरिया जिले के ग्राम पंचायत उदयपुरा में नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन मुसहर समुदाय के 137 परिवारों को उनके सपनों का आशियाना बनाने के लिए आवासीय पट्टे की भूमि का तोहफा मिला। इससे उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर मुसहर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है, जिससे उनके जीवन में नई खुशियां आएंगी। ग्राम पंचायत उदयपुरा में मुसहर समुदाय के लोग पहले स्वयं की भूमि नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। अब आवासीय भूमि का पट्टा मिलने के बाद वे अपने घर के सपने को साकार कर सकेंगे। आवासीय पट्टा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिए विकसित की जा रही नई कॉलोनी का निरीक्षण किया गया और सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास किया। इस कॉलोनी में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जिससे इन परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के तहत मुसहर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है। अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर अपने घर का सपना साकार कर सकेंगे। सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास की दौड़ में पीछे छूटे समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस योजना के तहत मुसहर समुदाय को आवासीय पट्टा देकर उनके जीवन में स्थायित्व और खुशहाली लाने का प्रयास किया गया है। यह पहल न केवल गरीब परिवारों को घर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि उनके समग्र विकास की ओर भी एक सार्थक प्रयास है। जिन महिलाओं को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है, उनमें घेवनी, देवंता, तेतरी देवी, राबड़ी, राधा, राधिका देवी, रुना देवी, विद्यावती, सीमा, सुशीला, शांतिदेवी, शनिचरी देवी, सरली, शकुंतला देवी, बाबून्ती देवी, बादामी देवी, गायत्री देवी, गुलरी, लावजारी देवी, लीलावती देवी, मालादेवी, पानमती, हीरवंती देवी, कलावती, निर्मला और सूरसती देवी इत्यादि शामिल हैं। पट्टा मिलने से प्रसन्न समस्त लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, तहसीलदार केके मिश्रा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत उदयपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में माननीय विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक रामपुर कारखाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्राथमिकता है कि समाज के सभी वर्गों का उन्नयन हो। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

# अपने से दूर हुए भाइयों को स्वीकार करे हिन्दू समाज

## वर्ष प्रतिपदा पर कनखल क्षेत्र में निकला पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने हिन्दू समाज का आवाह्न करते हुए कहा कि अब समय आ गया जब हिदू समाज अपने से दूर हुए अपने उन भाइयों को स्वीकार करें, जिनके दो-तीन पीढ़ी पूर्व परिजनों ने दूसरे धर्म अपना लिए थे। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में गैर हिन्दू मनाने लगे हैं कि उनके पूर्वज राम-कृष्ण ही थे। वह लोग बड़ी तादाद में पुनः अपने धर्म-गोत्र में वापसी कर रहे हैं। इसलिए अब हम लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि हम उन्हें अपने में समाहित करें। नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर हरिद्वार मायापुर स्थित डॉ. हरिराम आर्य इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रान्त प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिन्दू सनातन संस्कृति प्राचीनतम है। विश्व में काल गणना सबसे प्राचीन विक्रम सम्वत से ही है। चैत्र प्रतिपदा से प्रकृति परिवर्तन होती है। मान्यता है कि ब्रह्माजी ने आज ही के दिन सृष्टि की रचना की थी, राजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक, सिखगुरु अंगददेव का जन्म, सिंधी समाज की झुलेलाल जयंती, आर्यसमाज की स्थापना आज के ही दिन हुई थी। यह हमारा सौभाग्य है कि आज के ही दिन संघ के संस्थापक प्रथम सरसंचालक डॉ. हेडगवार का जन्म भी हुआ था। आज से माँ भगवती की आराधना के नवरात्रि प्रारम्भ होते है। उन्होंने कहा कि अब समाज मे जागरूकता आ रही है, प्रतिपदा नववर्ष को समाज उत्साह से मानने लगा है। हम भी शादी विवाह, श्राद्ध सभी कार्य सनातन तिथि गणना के अनुसार ही करते हैं। अब समय आ गया कि जब हम अपने जन्मदिन व अन्य विशेष तिथियों को पंचाग की तिथियों से मनाएं। डॉ. शैलेन्द्र ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थापक सर संघसंचालक के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता उघोगपति विकास गर्ग ने की तथा मंच पर जिला संचालक डॉ. यतीन्द्र नाग्यान मौजूद रहे। इसके उपरांत डॉ. हरिराम इंटर कालेज से पथ संचलन प्रारम्भ हुआ, जो बंगाली मोड़, पहाड़ी बाजार, चौक बाजार होते हुए सर्राफा बाजार, थाना तिराहे से होते हुए बाल्मीकि बस्ती, सन्त रविदास बस्ती होते हुए पुनः इंटर कालेज पर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर विभाग प्रचारक चिरंजीवी, जिला प्रचारक जगदीप, विभाग प्रचार प्रमुख अनिल गुप्ता, नगर कार्यवाह डॉ. अनुराग वत्स, सह नगर कार्यवाह बलदेव रावत व अभिषेक जमदग्नि, नगर प्रचारक त्रिवेंद्र, बौद्धिक प्रमुख भूपेंद्र, शारीरिक प्रमुख उमेश, प्रचार प्रमुख अमित शर्मा, सेवा प्रमुख संजय शर्मा, व्यवस्था प्रमुख देशराज शर्मा, सह व्यवस्था प्रमुख दीपक, सम्पर्क प्रमुख अमित, जिला सह सेवा प्रमुख गुरमीत सिंह, आराध्य तिवारी, मनोज पाल, सुशील सैनी, अमित,अंकित सैनी आदि प्रमुख रूप से व्यवस्था में लगे रहे। पथ सञ्चलन में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, नगर विधायक मदन कौशिक, भेल रानीपुर विधायक आदेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संदीप गोयल सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने मां कात्यायनी के दर्शन करके दिल्ली में विकास कार्य के पूरा होने की कामना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चैत्र नवरात्रि के पहले दिन छतरपुर मंदिर में मां कात्यायनी के दर्शन कर दिल्लीवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां का आशीर्वाद सभी के जीवन में अपार खुशियां, समृद्धि व शांति लेकर आए। दिल्ली में विकास कार्य सुचारू रूप से पूरे हों और सद्भाव एवं शांति बनी रहे, यही कामना है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को पत्रकारों संबोधित करते हुए कहा कि आज मां कात्यायनी के चरणों में माथा टेककर सभी दिल्लीवासियों के लिए हिंदू नववर्ष पर ढेर सारी खुशियां लेकर आने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह त्योहार दिल्लीवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आए। मुख्यमंत्री ने एक्स पर शक्ति, भक्ति व नवचेतना के पावन पर्व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दिल्लीवासियों की दी। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की कृपा से हर घर में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो। यह मंगलमय पर्व हमें आत्मबल व नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। वह मां से दिल्ली व देश की उन्नति व समृद्धि की कामना करती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर पावन पर्व चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन 'मां शैलपुत्री' के विशेष पूजन अर्चन दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! उन्होंने कहा कि सभी को मां शैलपुत्री की उपासना से मन की स्थिरता एवं आत्मबल प्राप्त हो और उनका आशीर्वाद समस्त प्रदेशवासियों पर बना रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने सभी प्रदेशवासियों को 'हिंदू नववर्ष' चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम सम्वत 2082 की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कह कि यह नव संवत्सर आप सभी के लिए मंगलमय हो और आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आरोग्यता सदैव बनी रहे।

# गढ़शंकर क्षेत्र के सभी गांवों में लागू होगा 'सीचेवाल मॉडल' : रोड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब विधानसभा के उपाध्यक्ष जय कृष्ण रोड़ी ने रविवार को कहा कि विधानसभा क्षेत्र गढ़शंकर के सभी गांवों में 'सीचेवाल मॉडल' के तहत गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जाएगी। श्री रोड़ी निर्मल कुटिया सीचेवाल में नतमस्तक होने के बाद, सीचेवाल मॉडल और नर्सरियों का निरीक्षण करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गढ़शंकर क्षेत्र के 178 गांवों की पंचायतों को सीचेवाल और सुल्तानपुर लोधी लाया जाएगा, ताकि वे 'सीचेवाल मॉडल' का अध्ययन कर सकें। श्री रोड़ी ने इसे राज्य का बेहतरीन मॉडल बताते हुए कहा कि जिस मॉडल को देश की राष्ट्रीय नदी गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अपनाने की सिफारिश की गई हो, वह मॉडल भला कैसे असफल हो सकता है। उन्होंने पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा सीचेवाल मॉडल को असफल बताने की कड़ी निंदा की।

श्री रोड़ी ने कहा कि सीचेवाल मॉडल के तहत शोधित पानी का उपयोग खेती के लिए किया जाता है, जिससे भूजल का संरक्षण संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि यह पहल पंजाब के जल-संकट और प्रदूषण की समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पंजाब विधानसभा में कांग्रेस नेता बाजवा द्वारा सीचेवाल मॉडल को विफल बताने के बाद, डिप्टी स्पीकर ऐसे पहले नेता हैं, जिन्होंने स्वयं सीचेवाल पहुंचकर इस मॉडल का अध्ययन किया और अपने विधानसभा क्षेत्र के 178 गांवों में इसे लागू करने का ऐलान भी किया। बाजवा द्वारा संत सीचेवाल को 'ठेकेदार' कहे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जय कृष्ण रोड़ी ने कहा कि संत सीचेवाल ने वास्तव में राज्य को प्रदूषण मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के दौरान जिस गंदगी के कारण जो बुड्डा दरिया प्रदूषित हुआ था, उसे साफ करने की जिम्मेदारी संत सीचेवाल ने उठाई है। उन्होंने कहा कि जिस मंशा से बाजवा ने संत सीचेवाल को 'ठेकेदार' कहा, उसे पंजाब के लोगों ने बहुत बुरा माना है। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य और पर्यावरण प्रेमी संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने श्री रोड़ी को सिरोपा और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने डिप्टी स्पीकर को सीचेवाल मॉडल के तहत गांव में गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था दिखाई और बताया कि यह मॉडल वर्ष 1999 से सफलतापूर्वक चल रहा है। छब्बीस वर्षों में इसकी केवल दो बार सफाई की गई है। संत सीचेवाल ने शोधित पानी का टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) मापकर दिखाया, जो 499 तक था।

# चैत्र नवरात्र को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। जिले में सुल्तानगंज प्रखंड के महेशी पंचायत के मोतीचक गांव स्थित चैत्र नवरात्र को लेकर रविवार को अजगैबीनाथ गंगा तट से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा गाजे बाजे-गाजे, डीजे, दर्जनों घोड़े और आकर्षक झांकियों के साथ नगर भ्रमण करते हुए गंगा तट पहुंची। जिसके बाद विद्वान पंडित पुरोहितों ने नियम निष्ठा के साथ कलश में गंगा जल भरवाया। कलश शोभायात्रा में लगभग दस हजार महिलाएं और युवतियां माथे पर कलश लिए शामिल हुई।

शोभायात्रा गंगा तट से निकलकर सुल्तानगंज मुख्य चौक, दिलगौरी चौक, अब्जूगंज, नवादा, कोलगामा होते हुए महेशी, मोतीचक दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान मां के जयकारों से पुरा माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु ने बताया मोतीचक गांव स्थित दुर्गा मंदिर प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्र के मौके मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके पूर्व गंगा तट हर वर्ष कलश शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसके बाद कलश स्थापित कर नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुपों की पुजा अर्चना होती है। इस दुर्गा मंदिर से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि नवमी और दसवीं पूजा में भव्य ग्रामीण मेला का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में हर्षोल्लास का माहौल है। उधर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ गंगा तट पर रविवार अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। बिहार झारखंड सहित अन्य प्रदेशों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने सुल्तानगंज के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। जिसके बाद जल पात्र में गंगाजल भरकर अपने घर को ले गए। वहीं बांका, जमुई, नवादा और मिथिलांचल के विभिन्न इलाकों से पहुंचे सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु गंगा जल भरकर कांवर के साथ बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर के लिए पैदल रवाना हुए।

## माँ भगवती की आराधना को समर्पित है नवरात्र पर्वः रोहित गिरि

**हरिद्वार।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन नील पर्वत स्थित सिद्धस्थल मां चंडी देवी मंदिर को भिन्न-भिन्न प्रजाति के फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। मां के दर्शन करने आए श्रद्धालु भक्तों को मंदिर प्रांगण में मां की महिमा का गुणगान करते हुए मां चंडी देवी मंदिर परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा कि मां भगवती समस्त संसार को ऊर्ज़ा प्रदान करने वाली है। भक्तों की सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न होकर उनका बेड़ा भवसागर से पार लगाती हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व मां भगवती की आराधना को समर्पित है।

## रामनवमी रथयात्रा को लेकर आयोजन समिति सदस्यों के साथ एसडीपीओ ने की बैठक

अररिया। फारबिसगंज में आगामी 5 अप्रैल को निकलने वाले रामनवमी रथ यात्रा को लेकर रविवार को एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने आयोजन कमिटी के सदस्यों के साथ अपने कार्यालय में बैठक की।जिसमें रथयात्रा को लेकर रूट ,अखाड़ा के साथ विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा ने आयोजन समिति को गानों के सेलेक्शन के साथ साथ रुट के बारे विस्तृत जानकारी ली।फारबिसगंज में होनेवाली रामनवमी रथ यात्रा को लेकर समिति के सदस्यों ने एसडीपीओ को ज्ञापन भी सौंपा।वही आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि 05 अप्रैल को होनेवाली रथयात्रा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से मिलकर कार्यक्रम में विधि व्यवस्था,रुट चार्ट,रथ यात्रा के दौरान बजने वाले गानों आदि पर चर्चा किया गया।

# मां काली के आशीर्वाद से पंजाब, नशे के दानव को हराएगाः सिसोदिया

पटियाला। आम आदमी पार्टी (आप) के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने नवरात्र के पहले दिन रविवार को पटियाला में प्रतिष्ठित काली माता मंदिर के दर्शन किए।

इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा, ''यह सिर्फ एक त्योहार नहीं है। नवरात्र एक आध्यात्मिक यात्रा है। ये नौ दिन हम अपने भीतर की दिव्य ऊर्ज़ा से गहराई से जुड़ते हैं और चुनौतियों से उबरने की ताकत पाते हैं। श्री सिसोदिया ने बुराई को खत्म करने में मां काली की भूमिका पर प्रकाश डाला और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अन्य सामाजिक चुनौतियों को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा चल रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''राक्षसों और दुष्टों का नाश करने के लिए पूजनीय मां काली का आशीर्वाद हमें नशे जैसे आधुनिक राक्षसों से लड़ने की शक्ति देता है। उनके आशीर्वाद से पंजाब जल्द ही इस खतरे से मुक्त हो जाएगा। 'आप' सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री सिसोदिया ने कहा,'4मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने नशे से निपटने के लिए जोरदार अभियान चलाया है और दिव्य आशीर्वाद के बिना इतनी गहरी जड़ें जमा चुकी इस समस्या से लड़ना असंभव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार राज्य से नशीली दवाओं को खत्म करने के अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।


समस्त क्षेत्रवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



पार्षद शाईस्ता परवीन व पूर्व पार्षद अयाजूर रहमार अल्हाह प्यारे

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



लईक आगा
पार्षद कश्मीरी मोहल्ला वार्ड






रॉयल फैब्रिक्स की ओर से सभी देशवासियों को ईद-उल-फ़ित्र दिली मुबारकबाद

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं



मो. वक़ार
शहर महामंत्री
कांग्रेस पार्टी




समस्त क्षेत्रवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं









मोहम्मद अनीस खां उर्फ़ गुड्डू
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत केसरपुर कला

ग्राम पंचायत को स्वच्छ हरा भरा बनाने में सभी सहयोग करें।

आर्येंद्र गंगवार
सचिव
विकासखंड
पूरनपुर जनपद पीलीभीत






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063